


हरिभूमि
रायपुर भूमि

11 सीमेंट के दाम थोक में तीन सौ पार, चिल्हर में साढ़े तीन...



12 गांवों में भी एसी की अब बड़ी डिमांड तीन साल में...



# 8 साल बाद राजिम में आज गूंजेगी ट्रेन की आवाज, हाई स्पीड में होगा पटरी का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

8 सालों के लंबे इंतजार के बाद राजिम वासियों के लिए खुशखबरी आई है। अब एक बार फिर से यहां ट्रेनों की आवाज सुनाई देगी। रेलवे प्रशासन ने रायपुर से अभनपुर तक की पटरियों की जांच पूरी कर ली है और अब शुक्रवार से राजिम तक पटरियों का परीक्षण किया जाएगा। छोटी रेल लाइन खत्म होने के बाद पहली बार यहां ट्रेन पहुंचेगी। ट्रेन सेवा का शुरू होना न केवल राजिम, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी सुविधाजनक होगा। यह ट्रेन लोगों के परिवहन को आसान बनाएगी और समय की बचत भी करेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पटरियों का परीक्षण और जांच के बाद ट्रेन की आवाजाही शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। यह सिर्फ राजिम के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के यात्रियों के लिए भी एक बड़ी सौगात होगी, क्योंकि अब उन्हें लंबे समय तक सड़क यातायात में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

अलग खबर

### हाई स्पीड ट्रेने से होगा परीक्षण

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित ब्रॉडगेज रेलवे लाइन पर परीक्षण और निरीक्षण का कार्य 13 फरवरी को किया जाएगा। इस दौरान हाई स्पीड ट्रेनें परीक्षण के उद्देश्य से इस मार्ग पर चलेगी। रेलवे प्रशासन की ओर से समस्त जन-सामान्य से अपील की है कि वे रेलवे लाइन से पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। सभी यात्रीगण समपार फाटकों पर सुरक्षा का ध्यान रखें और सुनिश्चित करें कि ट्रेन न होने पर ही फाटक पार करें। इसके अलावा, प्लेटफार्म में अनावश्यक रूप से टहलने, बिना अनुमति के रेलवे लाइन पार करने, रेलवे लाइन पर बैठने और पशुओं को रेलवे लाइन के पास चराने की अनुमति नहीं है। इस आदेश की अवहेलना होने पर दुर्घटना का खतरा उत्पन्न हो सकता है, और ऐसी स्थिति में रेलवे एक्ट के तहत संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रायपुर से अभनपुर तक पटरियों की जांच पूरी, अब राजिम तक होगा परीक्षण



#### रायपुर से अभनपुर लोकल ट्रेन का इंतजार नहीं हो रहा खत्म

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल ट्रेन से सफर करने के यात्रियों का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। अभी तक उद्घाटन समारोह की तिथि तय नहीं हो पाई है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि सफल ट्रायल के बाद अब रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन चलने के लिए पूरी तरह तैयार है। सीबीडी स्टेशन की सभी खामियां दूर की जा चुकी हैं और रंगरोगन समेत अधूरे कार्य भी अब पूरे हो चुके हैं। अब केवल उद्घाटन समारोह की तिथि और अतिथि का इंतजार है। रायपुर से अभनपुर तक का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा, जबकि सीबीडी स्टेशन, नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट का समय लगेगा। वहीं, सिटी बस से नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से ज्यादा समय लगता है, लेकिन ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। ट्रेन का किराया 10 रुपए निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ गाली-गलौज से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुशालपुर निवासी कृष भोई ने बाऊ तथा टोमू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कृष ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़के उसके साथ गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर बाऊ तथा उसके साथी ने कृष से मारपीट की।



### पत्नी को भगा देने का आरोप, युवक को पीटा

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ पत्नी को भगा देने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरौंदा निवासी शरीफ खान ने राहुल केंद्रे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शरीफ ने पुलिस को बताया कि राहुल ने उस पर अपनी पत्नी को भगा देने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।



### आधी मजदूरी देने पर विवाद, की मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ मजदूरी विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भनपुरी, गंगानगर निवासी संतोष निषाद ने निलेश साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के पास बैठा था। इस दौरान निलेश उसके पास आया और अपनी मजदूरी की मांग करने लगा। संतोष ने निलेश के आधा दिन काम करने की वजह से आधा पैसा देने की बात कही तो निलेश आक्रोशित हो गया और संतोष के साथ मारपीट की।



### युवक को उठा ले गए मारपीट कर छोड़ दिया

**रायपुर।** राजधानी के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक युवक को अपहरण करने के लिए 10 से 15 लड़के बाइक और स्कार्पियो में सवार होकर उठा ले गए और मारपीट भी की और रास्ते में छोड़ दिया। युवक अविनाश कोशले ने कुंदन सिंग, ऋषभ, रूपेश व अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक, गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश का गैंग जुआ-सट्टा-गांजा जैसे अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है, आरोपी उसी से जुड़े बताए जा रहे हैं। फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

### बुजुर्ग भाई बहनों के यहां डकैती की चल रही थी प्लानिंग, अब दिया अंजाम

# ढाई महीने से चल रही थी प्लानिंग, दो नाकाम कोशिश के बाद तीसरी बार डकैती, लालच ने 10 को पहुंचाया सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बुजुर्ग मनोहरण वेलू के निवास में डकैती डालने के आरोप में पुलिस ने मास्टर माइंड सहित जिन 10 लोगों को गिरफतार किया है। पूछताछ में डकैतों ने कई राज उगले हैं। पुलिस के अनुसार डकैती के मास्टर माइंड सोम शेखर पूर्व में भी दो बार डकैती की कोशिश कर चुका था, लेकिन दोनों बार उसे कामयाबी नहीं मिली। तीसरी कोशिश में डकैती में कामयाब हुए।

पुलिस के अनुसार मनोहरण की एक बहन उषा वेलू शंकर नगर में किराए के मकान में रहती है। उषा जहां किराए पर रहती है, उसके नीचे माले में सोम शेखर किराए पर रहता है। उषा रियल हेल्प नाम से एनजीओ संचालित करती है। सोम शेखर भी उसी एनजीओ से जुड़ा है। इसके कारण दोनों के बीच जान पहचान अच्छी है। सोम शेखर को उषा के माध्यम से उसके बड़े भाई के यहां मोटी रकम होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सोम शेखर मनोहरण के पैसों को हासिल करने प्लानिंग करने लगा। ⏭ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि फॉलोअप

## डकैतों ने घटना को अंजाम देने उतई से सेना की वर्दी खरीदी

### साथी को ब्रोकर बनाकर घर की रैकी करने भेजा

सोम शेखर ने मकान की रैकी करने देवलाल वर्मा को ब्रोकर बनाकर जमीन की खरीदी करने सौदा करने भेजा। उल्लेखनीय है कि मनोहरण ने छह माह पूर्व डेढ़ करोड़ रुपए में अपनी एक संपति की बिक्री की थी। उषा के माध्यम से सोम शेखर को इस बात की जानकारी मिली थी। साथ ही उसे उक्त जमीन की रकम घर में होने की जानकारी भी मिली।

### रेकी करने प्लानिंग के बाद नागपुर के साथियों को जोड़ा

मनोहरण के घर में रुपए की जानकारी एक दूसरे के पास शेयर करने के बाद अल्टो कार से अजय, राहुल तथा नेहा विधानसभा फ्लाई ओवर के नीचे मिले, वहां उनकी मुलाकात पुरूषोत्तम से हुई। इसके बाद पुरुषोत्तम के मोबाइल से देवलाल से बात की। बाद में मनोहरण की घर की रेकी करते हैं। रेकी करने के बाद सभी वापस राजनांदगांव चले गए। इसके बाद नेहा ने अपने दो साथी नागपुर निवासी शाहिद तथा बेमेतरा निवासी पिंटू को लूट में शामिल करने तैयार कर लिया।




### डकैती के लिए ऐसे जुड़ते गए आरोपी

मनोहरण के घर डकैती डालने एक पखवाड़ा पूर्व सोम शेखर के माध्यम से दुर्ग निवासी अजय ठाकुर की बलौदाबाजार निवासी पुरुषोत्तम देवांगन की विधानसभा फ्लाईओवर के नीचे मुलाकात हुई। पुरुषोत्तम ने अजय को एक एक घर में 2 करोड़ 70 लाख रुपए होने और उसे लूटने की बात बताई। साथ में देवलाल का भी परिचय कराया। इसके बाद अजय ने राजनांदगांव निवासी राहुल त्रिपाठी को इस बात की जानकारी दी और सोमनी में अजय ने राहुल तथा उसकी पत्नी नेहा से मुलाकात की।







### उषा को घटना की जानकारी नहीं

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मनोहरण अपनी बहन उषा को हर महीने खर्च के लिए 30 हजार रुपए देता था। इस बात का जिक्र उषा ने अपने साथी सोम शेखर के पास कई बार की थी। इसके साथ ही उषा चाहती थी कि उसका भाई उसके एनजीओ में कुछ पैसे लगाए। उषा ने कई बार अपने भाई के साथ सोम शेखर के पास जमीन बिक्री के पैसों की फिजूल खर्च करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी भी व्यक्त कर चुकी थी। उषा की वजह से सोम शेखर की मनोहरण के घर आवाजाही होने की बात पुलिस कह रही है।

# निगम की 1822 दुकानें, सालभर का किराया सिर्फ 58 लाख मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम की शहर में 10 लोकेशन पर करीब 1822 दुकानें लाइसेंसी हक में सालों पहले आवंटितियों को दी गई हैं। इनमें निगम को एक साल में मात्र 58 लाख रुपये किराये के रूप में मिलते हैं, जो कि बाजार के लोकेशन व दर हिसाब से बहुत कम है। ऐसे में नई किराया नीति तय करने 2 साल पहले एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर सामान्य सभा से मंजूरी के बाद शासन के पास भेजा गया, पर शासन स्तर पर नई किराया नीति लंबित है। इससे नगर निगम को हर साल एकमुश्त बड़ी राशि का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

नगर निगम लाइसेंसी हक में सालों पहले आवंटित अपनी दुकानों को अब किराये पर देगा। इसके लिए नई किराया नीति तय करने शासन के पास निवृतमान महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने 2 साल पहले ही प्रस्ताव भेजा दिया है, पर शासन स्तर पर इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलने से पुरानी दर पर नगर निगम को किराया से संतोष करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, वर्तमान में लाइसेंसी दुकानों का किराया न्यूनतम 500 रुपये से लेकर 1,000 रुपए प्रतिमाह है, जो बाजार दर के हिसाब से बहुत कम है। राजधानी में 10 अलग-अलग लोकेशन पर 1822 दुकानें लाइसेंसी हक में बरसों पहले आवंटित की गई थीं।

### नगर निगम की शहर में 10 लोकेशन पर 1822 दुकानें सालों पहले लाइसेंसी हक में आवंटित

- बाजार दर व लोकेशन के हिसाब से बहुत कम किराया
- नई किराया नीति शासन स्तर पर लंबित




### लाइसेंसी हक की दुकानें


| बाजार-क्षेत्र का नाम | निर्मित दुकान | आवंटित |
|---|---|---|
| गांधी बाजार अ | 381 | 381 |
| गांधी बाजार ब | 587 | 587 |
| शास्त्री बाजार चप्पल लाइन | 250 | 250 |
| गंज एरिया | 378 | 378 |
| गंज कोठा | 34 | 34 |
| आजाद मार्केट | 18 | 18 |
| ग्रेन गंज नवनिर्मित | 13 | 13 |
| ओपन प्लाट | 16 | 16 |
| निवेदिता स्कूल परिसर | 12 | 12 |
| शहर एरिया | 135 | 135 |

# लौटी जिंदगी की उम्मीद... आंबेडकर में बाईपास सर्जरी की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में कोरोनरी बाईपास की शुरुआत हो गई है। चार साल बाद यहां फिर से बाईपास सर्जरी की गई। ऑपरेशन करके दुर्ग में रहने वाले 72 साल के मरीज को हार्ट से संबंधित परेशानी से राहत दिलाई गई। ब्लाकेज की वजह से उसका हार्ट केवल 40% ही काम कर रहा था। सरकारी सेवा से रिटायर हुए इस कर्मचारी को सरकारी अस्पताल पर पूरा विश्वास था।निजी अस्पताल में इलाज कराने के स्थान पर उसने बाईपास सर्जरी ⏭ शेष पेज 11 पर

### 72 साल के मरीज को मिली राहत, नसों में ब्लॉकेज के कारण सिर्फ 40% काम कर रहा था दिल



### संभावना पर उठाया जोखिम

मरीज एवं उसके रिश्तेदार एंजियोग्राफी की सीडी लेकर विभागाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे। परिजनों को बताया गया कि कुछ दिनों बाद यहां पर बाईपास सर्जरी की सुविधा प्रारंभ होने की संभावना है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन एवं विभाग के उच्च अधिकारी सतत सक्रिय हैं। इस बीमारी में बाइपास शीघ्र करना अत्यंत आवश्यक है। सुविधा शुरू होने की आस में मरीज और उनके परिजनों ने इंतजार करने का जोखिम उठाना मंजूर किया। यह ऑपरेशन सामान्य कोरोनरी बाईपास सर्जरी से ज्यादा क्रिटिकल इसलिए था, क्योंकि ⏭ शेष पेज 11 पर

# स्टेशन में नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर लग रहा लॉक, नेता और अफसर का भी हो चुका है चालान

- रेलवे मजिस्ट्रेट और आरपीएफ द्वारा अभियान चलाकर नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर कर रहे कार्रवाई
- नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को अपनी गाड़ी व्यवस्थित तरीके से खड़ी करनी होगी। स्टेशन के नो-पार्किंग क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने पर अब रेलवे मजिस्ट्रेट और आरपीएफ द्वारा अभियान चलाकर गाड़ियों पर लॉक लगाए जा रहे हैं। चाहे वह आम यात्री हो या फिर किसी नेता या अफसर की गाड़ी। रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रैफिक की समस्या को सुलझाने और अव्यवस्थित रूप से खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत यह कदम उठाया गया है। इस फैसले गाड़ियों के चक्कों ⏭ शेष पेज 11 पर

### दर्जन से अधिक लोगों पर कार्रवाई

रेलवे स्टेशन परिसर के नो-पार्किंग क्षेत्र रोजाना दर्जन से अधिक गाड़ियां खड़ी हो रही हैं, जिसमें नेताओं और अधिकारियों की गाड़ियां भी शामिल हैं। लॉक लगने पर उन्हें भी पैसे देने चालान पटाना पड़ रहा हैरेलवे स्टेशन परिसर में नो-पार्किंग का स्पष्ट बोर्ड लगाया गया है, फिर भी लोग नियमों की अनदेखी करते हुए गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इस पर आरपीएफ का कहना है कि स्टेशन में आने वाले सभी यात्रियों को अपनी ⏭ शेष पेज 11 पर

# अनियंत्रित पिकअप ने चार को ठोका, चालक की पिटाई

**रायपुर।** राजधानी के गुढ़ियारी क्षेत्र में बुधवार शाम 4.30 अशोक नगर की तरफ से भारत माता चौक के करीब एक तेज रफ्तार मेटाडोर ने अनियंत्रित होकर चाट ठेले को चपेट में ले लिया, जहां चार लोग चाट खा रहे थे। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। चौक के करीब आते ही गाड़ी से उसका कंट्रोल खो गया। वाहन सबसे पहले पास ही खड़े एक चाट के ठेले से जा भिड़ा। इसके बाद वह एक के बाद एक चार लोगों को टक्कर मारकर किनारे में जाकर रुक गया। इस घटना के दौरान आसपास भारी भीड़ एकत्र हो गई। उन्होंने आरोपी ड्राइवर को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। फिर गुढ़ियारी पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# हवा की दिशा में परिवर्तन, चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हवाओं के आगमन की दिशा में परिवर्तन होने के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है। इससे प्रदेश में गर्मी फिर से बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, हवा उत्तरी दिशा के स्थान पर पूर्वी दिशा से आ रही है। इसके कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा, लेकिन ठंड अब नहीं लौटेगी। मौसम भी फिलहाल शुष्क ही रहेगा। माह के अंत तक तापमान 35 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावना है। इसके पूर्व गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक 31.6 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी ⏭ शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### माशिम कल से दूर करेगा छात्रों का तनाव

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन 15 फरवरी से प्रारंभ होगी। हाईस्कूल-हायर सेकंडरी सहित व्यावसायिक परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों को इसके माध्यम से टिप्स दिए जाएंगे। उन्हें तनाव प्रबंधन सिखाने के साथ ही संबंधित विषयों को लेकर भी टिप्स मिलेंगे। विद्यार्थी और शिक्षक के साथ अभिभावक भी प्रातः 10:30 से दोपहर बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नम्बर 18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। 15 से 27 फरवरी तक अलग-अलग विषयों जैसे- अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र सहित अन्य विषयों के विषेषज्ञों द्वारा संबंधित विषयों की कठिनाई को दूर करेंगे। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ प्रतिदिन मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक व मंडल के अधिकारी रविवार के दिनों में भी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे। वे परीक्षार्थियों के परीक्षा-भय और परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। द्वितीय चरण का हेल्पलाइन का संचालन 28 फरवरी से 27 मार्च तक होगा। इसमें आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हेल्पलाइन का संचालन उपसचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन में होगा।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर भंडारा श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे गुरु वंदना से हुई। इसके बाद मंगल आरती कर भण्डारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें आम नागरिकों को हलवा, पुलाव, कढ़ी का वितरण किया गया। इसके अलावा मातृ-पितृ पूजन साहित्य का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ऋषि प्रसाद, प्रभाकर भाई, रामदयाल पाटीदार, महेश बृजवानी, रामनारायण साहू, जगदीश पंजवानी, रवि कुकरेजा, महिला उत्थान मण्डल की बहनें एवं बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित थे ।

### मदकूद्वीप मेले में नई मेला कार्यकारिणी का चुनाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बैतलपुर के पास शिवनाथ नदी के मनोरम द्वीप पर इस वर्ष 116वां राष्ट्रीय मदकूद्वीप मसीही मेला हुआ। वर्ष 2026 में मेले की संभावित तिथि 2 से 8 फरवरी है।



प्रधान वक्ता प्रयागराज के डॉ. जस्टीन मसीह थे। उनके बाइबल संदेशों एवं मधुर भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को आत्मिक लाभ मिला। मेले में छत्तीसगढ़ डायोसिस सीएनआई की प्रथम महिला बिशप डॉ. सुषमा कुमार एवं मेनोनाइट चर्च इन इंडिया धमतरी के मॉडरेटर बिशप एन. आशावान भी धार्मिक संस्कारों में शामिल हुए। मेला काउंसिल में नई मेला कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। इसमें पास्टर अनुराग नथानिएल अध्यक्ष, पास्टर अर्पण तरुण उपाध्यक्ष, पास्टर शरद लाल सचिव, एए लूका कोषाध्यक्ष, मेला प्रबंधक बरनार्ड अरविंद प्रताप, सहायक प्रबंधक वीरेंद्र सारथी, अभिषेक शॉवल और पादरी समीर फ्रेंकलिन चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में जॉन राजेश पॉल ने चर्च ऑफ नार्थ इंडिया का प्रतिनिधित्व किया।

# एयरपोर्ट रात दस बजे हो जाता है बंद, लेकिन बार 24 घंटे चालू रखने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## पहली बार एयरपोर्ट के लिए जारी होगा लाइसेंस, खाने के साथ पीने का भी होगा इंतजाम



छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रोज रात दस बजे बंद हो जाता है, लेकिन यहां अब दिन रात 24 घंटे शराबखाना (बार) चालू रखने की तैयारी है। दरअसल आबकारी विभाग ने रायपुर एयरपोर्ट पर शराब की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विमानपत्तन बार लाइसेंस देने की तैयारी की है। हालांकि अभी लाइसेंस किसी को नहीं मिला है, लेकिन 2024-25 की शेष अवधि के लिए नवीन अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ के किसी भी एयरपोर्ट पर अब तक शराब बेचने, पीने पिलाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। आबकारी प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जिस तरह देश के दूसरे बड़े शहरों के एयरपोर्ट पर शराब की बिक्री की जाती है, उसी तरह यहां भी शराब बेचने के लिए लाइसेंस जारी किए जाने हैं। खास बात ये है कि देश के बड़े शहरों में 24 घंटे फ्लाइट की आवाजाही रहती है, इसलिए वहां दिन रात शराब बेची जाती है, लेकिन रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रात 10 बजे तक ही फ्लाइट होती है। इसके बाद एयरपोर्ट बंद हो जाता है, पर यहां भी सप्ताह के सात दिन 24 घंटे शराब बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

### लाइसेंस के लिए होंगी ये शर्तें

रायपुर एयरपोर्ट पर एफएल 3 घ विमानपत्तन रेस्टोरेंय बार अनुज्ञप्ति एयरपोर्ट के अंदर स्थित ऐसे रेस्टोरेंट को दी जाएगी जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया का अनापत्ति प्रमाणपत्र हो। यह रेस्टोरेंट भी ऐसी जगह होना चाहिए जहां एयरपोर्ट परिसर के भवन के अंदर स्थित रेस्टोरेंट में आगंतुकों, ग्राहकों को भोजन या हल्के भोजन के साथ परिसर में ही पीने के लिए शराब बेची जा सकेगी। खास बात ये है कि यह लायसेंस भोजन की सुविधा युक्त रेस्टोरेंट को ही मिलेगा।

### यहां 20 प्रतिशत अधिक कीमत पर मिलेगी शराब

एयरपोर्ट पर बिकने वाली शराब आम दुकानों के मुकाबले 20 प्रतिशत महंगी होगी। आबकारी विभाग के इस संबंध में बनाए गए नियम के मुताबिक लायसेंसधारी को शराब की खुली बोतले से फुटकर विक्रय के लिए विक्रय दर इस प्रकार निर्धारित होगी जो विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से विक्रय की जाने वाली शराब से कम से कम 20 प्रतिशत अधिक होगी। एयरपोर्ट पर बिकने वाली शराब की हर बोतल पर बार संबंधित होलोग्राम शराब दुकान में ही अलग से बोतल पर निर्धारित स्थान पर चस्पा किए जाने के बाद ही दी जाएगी। होलोग्राम का रंग लाल होगा।


## प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के सालों पुराने डाक्यूमेंट इस तरह से किए जा रहे ऑनलाइन

# 15 से 20 मिनट में स्कैनिंग, पीडीएफ बनाने के बाद चंद मिनटों में रजिस्ट्री के सारे डाक्यूमेंट पोर्टल पर अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन विभाग के पोर्टल पर अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए शासन स्तर पर सभी जिलों के पंजीयन विभाग में वर्ष 2017 से लेकर घटते क्रम में 30 वर्ष पहले तक हुई रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कराकर उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर पोर्टल में अपलोड कराया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट सुरक्षित रखे जा सकें। हरिभूमि ने डाक्यूमेंट को किस तरह से स्कैनिंग कर पीडीएफ फाइल बनाई जा रही है और इसमें कितना समय लग रहा है, इसे जानने के लिए इसकी लाइव रिपोर्टिंग की। एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है, वहीं स्कैनिंग के बाद पीडीएफ फाइल बनाने में भी करीब 10 मिनट का समय लग रहा है। इस तरह एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग व पीडीएफ बनाने में लगभग आधे घंटे का समय लग रहा है।

पंजीयन विभाग के सभी कार्य को धीरे-धीरे ऑनलाइन किए जा रहा है। पहले ई-स्टाम्प को ऑनलाइन किया गया। इसके बाद प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री ऑनलाइन पद्धति से हो रही है। ऑनलाइन होने के बाद से रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए भी आवेदक को प्रॉपर्टी के सारे डाक्यूमेंट सहित अपनी व गवाहों की आईडी को स्कैनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है। इसके बाद ही आवेदक का आवेदन स्वीकार कर उसे रजिस्ट्री की तारीख और समय दिया जा रहा है। ऑनलाइन के इस दौर में अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को सुरक्षित रखने के लिए भी उसे ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2017 से घटते क्रम में पिछले 30 वर्षों के रजिस्ट्री हुई डाक्यूमेंट के रिकार्ड को पंजीयन विभाग के पोर्टल में ऑनलाइन किया जा रहा है। इस योजना का यह पहला चरण है, जिसमें 30 वर्षों के रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है।




### तेजी से किए जा रहे रिकार्ड ऑनलाइन

"पंजीयन विभाग के रिकार्ड रूम में रखे रजिस्ट्री के दस्तावेजों को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए दस्तावेजों को स्केनिंग करने के बाद पीडीएफ बनाकर पोर्टल में अपलोड किए जा रहे हैं। इससे सालों पुराने रिकार्ड सुरक्षित रहेंगे। अब तक वर्ष 2017 से घटते क्रम में 1997 तक के रिकार्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं।

**- विनोज कोचे, पंजीयक**
पंजीयन विभाग रायपुर

### वर्ष 2018 से ऑनलाइन रजिस्ट्री हो रही है, इसलिए इससे पहले के रिकार्ड किए जा रहे ऑनलाइन

पंजीयन विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्री वर्ष 2018 से शुरू किया गया है। हालांकि पहले आवेदक को रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन अपॉइटमेंट लेना पड़ता था, लेकिन डाक्यूमेंट स्केनिंग का काम पंजीयन विभाग के दफ्तर में ही किया जाता है। इसके कारण रजिस्ट्री में भी काफी समय लगता था, लेकिन अप्रैल 2024 से अब आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ सारे डाक्यूमेंट स्केनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है, जिसके बाद अब दफ्तर में कुछ मिनटों में ही रजिस्ट्री हो जा रही है।

### कैमरे की तरह क्लिक करते हो जाता है स्केन

डाक्यूमेंट को स्केन करने के लिए जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में डिजिटल कम्प्यूटराईज स्कैनिंग मशीन लगाई गई है। इस स्कैनिंग मशीन के नीचे डाक्यूमेंट को रखा जाता है और माउस से क्लिक करते हुए डाक्यूमेंट स्कैन होकर कम्प्यूटर पर दिखाई देता है। इस तरह एक रजिस्ट्री के सभी डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कर उसे पहले कम्प्यूटर में सेवा किया जाता है, उसके बाद उसकी पीडीएफ फाइल बनाई जाती है। पीडीएफ फाइल बनाने के बाद डाटा को पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड करने के लिए उसे विभाग को भेज दिया जाता है।

### नोएडा की कंपनी को मिला ठेका

स्कैनिंग कर पीडीएफ बनाने के लिए नोएडा की कंपनी को इसका ठेका मिला हुआ है। रायपुर में स्कैनिंग-पीडीएफ फाइल बनाने के इंचार्ज मनीष कुमार लाठिया ने बताया कि अभी स्केनिंग के लिए 3 कम्प्यूटराइज डिजिटल स्कैनिंग सिस्टम लगाए गए हैं। इस सिस्टम में एक ट्रेनिंग प्राप्त एवं दो ट्रेनिंग ले रही युवतियां काम कर रही है। उन्होंने बताया कि दो कम्प्यूटर स्केनिंग सिस्टम कुछ दिनों में और लगाए जाएंगे। इसके बाद स्कैनिंग और पीडीएफ बनाने के काम में और तेजी आएगी।

### वर्ष 1997 तक का डाटा हो चुके स्कैनिंग

*सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम पिछले दो-तीन साल से चल रहा है। इससे पहले इसका ठेका दूसरी कंपनी को मिला था। जिस कंपनी को इसका ठेका मिला था उसके द्वारा स्केनिंग की क्वालिटी सहीं नहीं थी, जिसके कारण उसका फंड को शासन स्तर पर रोक दिया गया था और बाद में ठेका निरस्त कर दिया। इसके कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्केनिंग का काम रुका रहा। दिसंबर 2024 से अब नोएडा की कंपनी को ठेका दिया गया है। मनीष लाठिया ने बताया कि उनकी कंपनी को रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर सहित अन्य जिलों में भी स्कैनिंग का काम मिला है। रायगढ़ जिले में स्कैनिंग का काम पूर्ण भी हो चुका है। रायपुर जिले में भी वर्ष 2017 से घटते क्रम में अब तक वर्ष 1997 तक के रिकार्ड स्कैनिंग हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में वर्ष 1950 से पहले की रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट भी पंजीयन विभाग दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे हुए हैं। पुराने होने के कारण सालों पुराने कई रिकार्ड के कागज गल-फट गए हैं। समय के साथ रिकार्ड और खराब होते जा रहे हैं। ऐसे में इन रिकार्ड को भविष्य में ज्यादा समय तक सुरक्षित रखा जाना संभव नहीं है, साथ ही आग लगने या अन्य किसी कारण से भी रिकार्डों के नष्ट होने की आशंका बनी रहती है। पोर्टल में रिकार्डों के ऑनलाइन होने के बाद इसके नष्ट होने का डर भी हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।*

### वक्फ संशोधन विधेयक पर बोले बृजमोहन- यह कदम देशहित में

**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा, अब तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल जमीन का अतिक्रमण किया गया है। इस प्रक्रिया से गरीब अल्पसंख्यकों को कोई लाभ नहीं मिला है, बल्कि करोड़ों एकड़ जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर लिया गया है, जो किसी उपयोग में भी नहीं आ रही है। श्री अग्रवाल ने कहा वक्फ बोर्ड के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीनों का दुरुपयोग हुआ है और इससे वास्तविक जरूरतमंद लोग वंचित रह गए हैं। उन्होंने इस संशोधन विधेयक को न्यायोचित और जनहितकारी बताते हुए कहा कि इससे अनावश्यक अतिक्रमण पर रोक लगेगी और संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, केंद्र सरकार का यह कदम देशहित में है और इससे जमीनों के दुरुपयोग पर लगाम लगेगी।



### कल से कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग

**रायपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग पहली बार राजधानी रायपुर में 15 से देवपुरी मार्ग पर स्थित अभियंता भवन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। अभ्यास वर्ग का उद्घाटन छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश से आमंत्रित राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष विपन डोगरा तथा राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु वर्मा भोपाल के संयोजन में होगा। राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री एके चेलक ने इस बात की जानकारी दी।

- दो दिवसीय आयोजन, देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे
- योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा करेंगे उद्घाटन

# खाना बनाते समय स्वच्छता का रखे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अभनपुर के प्रशिक्षण हाल में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा विकासखंड के शासकीय स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का निःशुल्क खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन (एफओएसटीएसी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण नई दिल्ली से आए प्रशिक्षक संजय काले ने प्रशिक्षण में रसोइयों को मध्यान्ह भोजन बनाए जाने के दौरान बरती जाने वाली निजी स्वच्छता एवं किचन परिसर की स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि खाना बनाते समय व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई, भोजन को दूषित करने वाले कारकों से बचाव, फूड पॉइजन (विषाक्त भोजन) कैसे होता है और इससे बचने के उपाय, खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 और इनके प्रावधान, फोर्टीफाइड राईस फोर्टी फाइड तेल सहित विभिन्न उपयोगी चीजों पर ध्यान देना अतिआवश्यक है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी रायपुर सर्वेश कुमार यादव एवं बीईओ धनेश्वरी साहू ने बताया कि शासन द्वारा दिए जा रहे मध्यान्ह भोजन वितरण की गुणवत्ता से परिपूर्ण होती है, गुणवत्ता को लेकर हम पूरी तरह प्रतिबद्ध है और रसोइयों को खाद्य सुरक्षा के छोटी- छोटी तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने इस तरह की प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की बात कही।

### भाजपा का सवाल- क्या पायलट दिग्विजय वीआईपी नहीं हैं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह सहित छत्तीसगढ़ के कई सांसद विधायकों के कुंभ जाने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, वीआईपी लोगों को कुंभ में नहीं जाना चाहिए, इस पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस से पूछा कि क्या कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट वीआईपी नहीं हैं क्या? ये सभी पिछले 24 घंटे में कुंभ में स्नान कर आए हैं और इनका जाना पूरे वीआईपी प्रोटोकॉल से हुआ है। श्री चिमनीनी ने कहा वास्तव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस और भूपेश बघेल को इस बात की पीड़ा है कि विष्णुदेव साय सरकार में सभी जनप्रतिनिधियों को कुंभ के स्नान करने का अवसर मिल रहा है सनातन धर्म की जब जब बात आती है भूपेश बघेल इसके विरोध में खड़े दिखाई देते हैं, इससे पहले भी कई बार वह सनातन विरोधी बयान दे चुके हैं। बजरंग दल का भी मजाक बना चुके है।

# प्लांट में गार्ड की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- नेवरा पुलिस ने किया मर्ग कायम



तिल्दा नेवरा के समीपस्थ ग्राम सरोरा स्थित स्टील एंड ट्यूब्स प्लांट के लेवर क्वाटर में एक गार्ड राजेंद्र सिंह उम्र 47 वर्ष ग्राम लाल माटी, थाना घमापुर जबलपुर निवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। बुधवार की शाम लगभग 7:30 बजे जब गार्ड की ड्यूटी शिफ्ट चेंज हुई तब कंपनी के दूसरे गार्ड ने जाकर देखा तो राजेंद्र सिंह मृत अवस्था में था। जिसके बाद नेवरा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना देकर बुलवाया। गुरुवार को मृतक के परिजन उपस्थित हुए जहां नेवरा थाना के थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम खुद उपस्थित होकर शव का पंचनामा करवाया। प्रथम दृष्टया बताया जा रहा है कि मृतक को अटैक आया होगा, पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति सामने आएगी। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक के गले में कुछ खरोच के निशान भी दिख रहा है, लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाएंगे। इधर प्लांट प्रबंधन ने किसी तरह की कोई भी जानकारी देने से साफ मना कर दिया, उनका कहना था कि उन्हें मामले की कोई जानकारी ही नहीं है। बता दे क्षेत्र की क्षेत्र के प्लांटों में तरह से बाहरी मजदूरों की भरमार है और किसी तरह की कोई हादसा होने पर प्लांट प्रबंधन अपने हाथ खड़े कर लेते है। नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है, एवं सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं।

## सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी

# निकाय चुनाव की मतगणना कल, महापौर और अध्यक्ष के लिए गणना पहले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## मतगणना पूर्व तैयारियों को लेकर आयुक्त ने ली बैठक




नगरीय निकाय चुनाव में महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतदान की प्रक्रिया होने के बाद ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। अब 15 फरवरी को गणना के समय इसे खोला जाएगा। मतगणना सभी जिला मुख्यालयों में होगी। मतगणना में सबसे पहले महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की गणना की जाएगी। वार्ड वार होने वाली गणना पूरी होने के बाद पार्षद पद की गणना शुरू होगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि गणना रिटर्निंग अधिकारी के टेबल पर की जायेगी। गणना सबसे पहले महापौर/अध्यक्ष पद के लिए और उसके बाद क्रमशः वार्डवार की जायेगी। मतपत्र खोले जाने के समय अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सारी कार्रवाई होगी। बताया गया कि एक वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना एक ही टेबल पर होगी। मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक होने पर आयोग की अनुमति से अधिकतम दो टेबल लगाये जा सकते हैं। परंतु एक-एक कर मतदान केन्द्रवार ही मतगणना होगी, न कि सभी मशीनें एक साथ गणना में शामिल की जायेंगी। यदि किसी मतदान केन्द्र पर मतदान के दौरान मशीन बदली गयी हो तो उस केन्द्र की सभी मशीनें एक ही चक्र में गिनी जायेंगी। यदि किसी मतदान केंद्र पर एक से अधिक ईवीएम का उपयोग किया गया है, तो संबंधित राउंड में सभी मशीनें सीपीयू एक साथ दी जाएगी और उसी राउंड में गणना की जाएगी। किसी भी स्थिति में एक राउंड की सभी मशीनें हटाये जाने के बाद ही अगले राउंड की मशीनें गणना के लिए लायी जाएंगी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में मतगणना प्रक्रिया की बारीकियों, सुरक्षा प्रबंधन, तकनीकी सहयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर गहन चर्चा हुई। राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया को किसी भी प्रकार की बाधा से मुक्त रखा जाए और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी जाए।

### रायपुर के 70 वार्ड में 104 टेबल लगाए जाएंगे

रायपुर नगर निगम में 70 वार्ड के मतों की गिनती के लिए 104 टेबल लगाए गए हैं। वहीं डाक मतपत्र के लिए 10 टेबल लगाए जाएंगे। महापौर पद की गिनती दस राउंड में पूरी होने का अनुमान है। रायपुर में नतीजों का रुझान दोपहर तक स्पष्ट हो जाएगा। शाम तक नतीजों की घोषणा हो जाएगी।

### यादव समाज का परिचय सम्मेलन 16 को सम्मान समारोह भी

**रायपुर।** छग यादव समाज द्वारा राज्य स्तरीय यादव युवक–युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह, सामाजिक आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन 16 फरवरी रविवार को शहीद स्मारक भवन राज टॉकिज के पास आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में छग के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव युवक, युवती, बुजुर्ग, समाज प्रमुख उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा इस परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवा, परित्यक्ता, विधवा, विधुर, दिव्यांग प्रतिभागी भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीयन करा सकते है। साथ ही समाज के खेल, शिक्षा, राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त यादव बंधुओं को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### माशिम कल से दूर करेगा छात्रों का तनाव

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन 15 फरवरी से प्रारंभ होगी। हाईस्कूल-हायर सेकंडरी सहित व्यावसायिक परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों को इसके माध्यम से टिप्स दिए जाएंगे। उन्हें तनाव प्रबंधन सिखाने के साथ ही संबंधित विषयों को लेकर भी टिप्स मिलेंगे। विद्यार्थी और शिक्षक के साथ अभिभावक भी प्रातः 10:30 से दोपहर बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नम्बर 18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। 15 से 27 फरवरी तक अलग-अलग विषयों जैसे-अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र सहित अन्य विषयों के विषेषज्ञों द्वारा संबंधित विषयों की कठिनाई को दूर करेंगे। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ प्रतिदिन मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक व मंडल के अधिकारी रविवार के दिनों में भी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहेंगे। वे परीक्षार्थियों के परीक्षा-भय और परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। द्वितीय चरण का हेल्पलाइन का संचालन 28 फरवरी से 27 मार्च तक होगा। इसमें आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हेल्पलाइन का संचालन उपसचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन में होगा।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर भंडारा श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे गुरु वंदना से हुई। इसके बाद मंगल आरती कर भण्डारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें आम नागरिकों को हलवा, पुलाव, कढ़ी का वितरण किया गया। इसके अलावा मातृ-पितृ पूजन साहित्य का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ऋषि प्रसाद, प्रभाकर भाई, रामदयाल पाटीदार, महेश बृजवानी, रामनारायण साहू, जगदीश पंजवानी, रवि कुकरेजा, महिला उत्थान मण्डल की बहनें एवं बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित थे ।

### मदकूद्वीप मेले में नई मेला कार्यकारिणी का चुनाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बैतलपुर के पास शिवनाथ नदी के मनोरम द्वीप पर इस वर्ष 116वां राष्ट्रीय मदकूद्वीप मसीही मेला हुआ। वर्ष 2026 में मेले की संभावित तिथि 2 से 8 फरवरी है।



प्रधान वक्ता प्रयागराज के डॉ. जस्टीन मसीह थे। उनके बाइबल संदेशों एवं मधुर भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को आत्मिक लाभ मिला। मेले में छत्तीसगढ़ डायोसिस सीएनआई की प्रथम महिला बिशप डॉ. सुषमा कुमार एवं मेनोनाइट चर्च इन इंडिया धमतरी के मॉडरेटर बिशप एन. आशावान भी धार्मिक संस्कारों में शामिल हुए। मेला काउंसिल में नई मेला कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। इसमें पास्टर अनुराग नथानिएल अध्यक्ष, पास्टर अर्पण तरुण उपाध्यक्ष, पास्टर शरद लाल सचिव, एए लूका कोषाध्यक्ष, मेला प्रबंधक बरनार्ड अरविंद प्रताप, सहायक प्रबंधक वीरेंद्र सारथी, अभिषेक शॉवल और पादरी समीर फ्रेंकलिन चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में जॉन राजेश पॉल ने चर्च ऑफ नार्थ इंडिया का प्रतिनिधित्व किया।

# एयरपोर्ट रात दस बजे हो जाता है बंद, लेकिन बार 24 घंटे चालू रखने की तैयारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रोज रात दस बजे बंद हो जाता है, लेकिन यहां अब दिन रात 24 घंटे शराबखाना (बार) चालू रखने की तैयारी है। दरअसल आबकारी विभाग ने रायपुर एयरपोर्ट पर शराब की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विमानपत्तन बार लाइसेंस देने की तैयारी की है। हालांकि अभी लाइसेंस किसी को नहीं मिला है, लेकिन 2024-25 की शेष अवधि के लिए नवीन अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ के किसी भी एयरपोर्ट पर अब तक शराब बेचने, पीने पिलाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। आबकारी प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जिस तरह देश के दूसरे बड़े शहरों के एयरपोर्ट पर शराब की बिक्री की जाती है, उसी तरह यहां भी शराब बेचने के लिए लाइसेंस जारी किए जाने हैं। खास बात ये है कि देश के बड़े शहरों में 24 घंटे फ्लाइट की आवाजाही रहती है, इसलिए वहां दिन रात शराब बेची जाती है, लेकिन रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रात 10 बजे तक ही फ्लाइट होती है। इसके बाद एयरपोर्ट बंद हो जाता है, पर यहां भी सप्ताह के सात दिन 24 घंटे शराब बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

**पहली बार एयरपोर्ट के लिए जारी होगा लाइसेंस, खाने के साथ पीने का भी होगा इंतजाम**



### लाइसेंस के लिए होंगी ये शर्तें

रायपुर एयरपोर्ट पर एफएल 3 घ विमानपत्तन रेस्टोरेंय बार अनुज्ञप्ति एयरपोर्ट के अंदर स्थित ऐसे रेस्टोरेंट को दी जाएगी जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया का अनापत्ति प्रमाणपत्र हो। यह रेस्टोरेंट भी ऐसी जगह होना चाहिए जहां एयरपोर्ट परिसर के भवन के अंदर स्थित रेस्टोरेंट में आगंतुकों, ग्राहकों को भोजन या हल्के भोजन के साथ परिसर में ही पीने के लिए शराब बेची जा सकेगी। खास बात ये है कि यह लायसेंस भोजन की सुविधा युक्त रेस्टोरेंट को ही मिलेगा।

### यहां 20 प्रतिशत अधिक कीमत पर मिलेगी शराब

एयरपोर्ट पर बिकने वाली शराब आम दुकानों के मुकाबले 20 प्रतिशत महंगी होगी। आबकारी विभाग के इस संबंध में बनाए गए नियम के मुताबिक लायसेंसधारी को शराब की खुली बोतले से फुटकर विक्रय के लिए विक्रय दर इस प्रकार निर्धारित होगी जो विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से विक्रय की जाने वाली शराब से कम से कम 20 प्रतिशत अधिक होगी। एयरपोर्ट पर बिकने वाली शराब की हर बोतल पर बार संबंधित होलोग्राम शराब दुकान में ही अलग से बोतल पर निर्धारित स्थान पर चस्पा किए जाने के बाद ही दी जाएगी। होलोग्राम का रंग लाल होगा।


## प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के सालों पुराने डाक्यूमेंट इस तरह से किए जा रहे ऑनलाइन

# 15 से 20 मिनट में स्कैनिंग, पीडीएफ बनाने के बाद चंद मिनटों में रजिस्ट्री के सारे डाक्यूमेंट पोर्टल पर अपलोड

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

पंजीयन विभाग के पोर्टल पर अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए शासन स्तर पर सभी जिलों के पंजीयन विभाग में वर्ष 2017 से लेकर घटते क्रम में 30 वर्ष पहले तक हुई रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कराकर उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर पोर्टल में अपलोड कराया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट सुरक्षित रखे जा सकें। हरिभूमि ने डाक्यूमेंट को किस तरह से स्कैनिंग कर पीडीएफ फाइल बनाई जा रही है और इसमें कितना समय लग रहा है, इसे जानने के लिए इसकी लाइव रिपोर्टिंग की। एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है, वहीं स्कैनिंग के बाद पीडीएफ फाइल बनाने में भी करीब 10 मिनट का समय लग रहा है। इस तरह एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग व पीडीएफ बनाने में लगभग आधे घंटे का समय लग रहा है।

पंजीयन विभाग के सभी कार्य को धीरे-धीरे ऑनलाइन किए जा रहा है। पहले ई-स्टाम्प को ऑनलाइन किया गया। इसके बाद प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री ऑनलाइन पद्धति से हो रही है। ऑनलाइन होने के बाद से रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए भी आवेदक को प्रॉपर्टी के सारे डाक्यूमेंट सहित अपनी व गवाहों की आईडी को स्कैनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है। इसके बाद ही आवेदक का आवेदन स्वीकार कर उसे रजिस्ट्री की तारीख और समय दिया जा रहा है। ऑनलाइन के इस दौर में अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को सुरक्षित रखने के लिए भी उसे ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2017 से घटते क्रम में पिछले 30 वर्षों के रजिस्ट्री हुई डाक्यूमेंट के रिकार्ड को पंजीयन विभाग के पोर्टल में ऑनलाइन किया जा रहा है। इस योजना का यह पहला चरण है, जिसमें 30 वर्षों के रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है।




### तेजी से किए जा रहे रिकार्ड ऑनलाइन

पंजीयन विभाग के रिकार्ड रूम में रखे रजिस्ट्री के दस्तावेजों को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए दस्तावेजों को स्केनिंग करने के बाद पीडीएफ बनाकर पोर्टल में अपलोड किए जा रहे हैं। इससे सालों पुराने रिकार्ड सुरक्षित रहेंगे। अब तक वर्ष 2017 से घटते क्रम में 1997 तक के रिकार्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं।

**- विनोज कोचे, पंजीयक**
पंजीयन विभाग रायपुर

### वर्ष 2018 से ऑनलाइन रजिस्ट्री हो रही है, इसलिए इससे पहले के रिकार्ड किए जा रहे ऑनलाइन

पंजीयन विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्री वर्ष 2018 से शुरू किया गया है। हालांकि पहले आवेदक को रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना पड़ता था, लेकिन डाक्यूमेंट स्केनिंग का काम पंजीयन विभाग के दफ्तर में ही किया जाता है। इसके कारण रजिस्ट्री में भी काफी समय लगता था, लेकिन अप्रैल 2024 से अब आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ सारे डाक्यूमेंट स्केनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है, जिसके बाद अब दफ्तर में कुछ मिनटों में ही रजिस्ट्री हो जा रही है।

### कैमरे की तरह क्लिक करते हो जाता है स्कैन

डाक्यूमेंट को स्केन करने के लिए जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में डिजिटल कम्प्यूटराईज स्कैनिंग मशीन लगाई गई है। इस स्कैनिंग मशीन के नीचे डाक्यूमेंट को रखा जाता है और माउस से क्लिक करते हुए डाक्यूमेंट स्कैन होकर कम्प्यूटर पर दिखाई देता है। इस तरह एक रजिस्ट्री के सभी डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कर उसे पहले कम्प्यूटर में सेवा किया जाता है, उसके बाद उसकी पीडीएफ फाइल बनाई जाती है। पीडीएफ फाइल बनाने के बाद डाटा को पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड करने के लिए उसे विभाग को भेज दिया जाता है।

### नोएडा की कंपनी को मिला ठेका

स्कैनिंग कर पीडीएफ बनाने के लिए नोएडा की कंपनी को इसका ठेका मिला हुआ है। रायपुर में स्कैनिंग-पीडीएफ फाइल बनाने के इंचार्ज मनीष कुमार लाठिया ने बताया कि अभी स्केनिंग के लिए 3 कम्प्यूटराइज डिजिटल स्कैनिंग सिस्टम लगाए गए हैं। इस सिस्टम में एक ट्रेनिंग प्राप्त एवं दो ट्रेनिंग ले रही युवतियां काम कर रही है। उन्होंने बताया कि दो कम्प्यूटर स्केनिंग सिस्टम कुछ दिनों में और लगाए जाएंगे। इसके बाद स्कैनिंग और पीडीएफ बनाने के काम में और तेजी आएगी।

### वर्ष 1997 तक का डाटा हो चुके स्कैनिंग

*सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम पिछले दो-तीन साल से चल रहा है। इससे पहले इसका ठेका दूसरी कंपनी को मिला था। जिस कंपनी को इसका ठेका मिला था उसके द्वारा स्केनिंग की क्वालिटी सहीं नहीं थी, जिसके कारण उसका फंड को शासन स्तर पर रोक दिया गया था और बाद में ठेका निरस्त कर दिया। इसके कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्केनिंग का काम रुका रहा। दिसंबर 2024 से अब नोएडा की कंपनी को ठेका दिया गया है। मनीष लाठिया ने बताया कि उनकी कंपनी को रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर सहित अन्य जिलों में भी स्कैनिंग का काम मिला है। रायगढ़ जिले में स्केनिंग का काम पूर्ण भी हो चुका है। रायपुर जिले में भी वर्ष 2017 से घटते क्रम में अब तक वर्ष 1997 तक के रिकार्ड स्कैनिंग हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में वर्ष 1950 से पहले की रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट भी पंजीयन विभाग दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे हुए हैं। पुराने होने के कारण सालों पुराने कई रिकार्ड के कागज गल-फट गए हैं। समय के साथ रिकार्ड और खराब होते जा रहे हैं। ऐसे में इन रिकार्ड को भविष्य में ज्यादा समय तक सुरक्षित रखा जाना संभव नहीं है, साथ ही आग लगने या अन्य किसी कारण से भी रिकार्डों के नष्ट होने की आशंका बनी रहती है। पोर्टल में रिकार्डों के ऑनलाइन होने के बाद इसके नष्ट होने का डर भी हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।*

### वक्फ संशोधन विधेयक पर बोले बृजमोहन- यह कदम देशहित में

**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा, अब तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल



जमीन का अतिक्रमण किया गया है। इस प्रक्रिया से गरीब अल्पसंख्यकों को कोई लाभ नहीं मिला है, बल्कि करोड़ों एकड़ जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर लिया गया है, जो किसी उपयोग में भी नहीं आ रही है। श्री अग्रवाल ने कहा वक्फ बोर्ड के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीनों का दुरुपयोग हुआ है और इससे वास्तविक जरूरतमंद लोग वंचित रह गए हैं। उन्होंने इस संशोधन विधेयक को न्यायोचित और जनहितकारी बताते हुए कहा कि इससे अनावश्यक अतिक्रमण पर रोक लगेगी और संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, केंद्र सरकार का यह कदम देशहित में है और इससे जमीनों के दुरुपयोग पर लगाम लगेगी।

### कल से कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग

**रायपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग पहली बार राजधानी रायपुर में 15 से देवपुरी मार्ग पर स्थित अभियंता भवन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। अभ्यास वर्ग का उद्घाटन छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश से आमंत्रित राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष विपन डोगरा तथा राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु वर्मा भोपाल के संयोजन में होगा। राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री एके चेलक ने इस बात की जानकारी दी।

- दो दिवसीय आयोजन, देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे
- योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा करेंगे उद्घाटन

## भाजपा का सवाल- क्या पायलट दिग्विजय वीआईपी नहीं हैं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह सहित छत्तीसगढ़ के कई सांसद विधायकों के कुंभ जाने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, वीआईपी लोगों को कुंभ में नहीं जाना चाहिए, इस पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस से पूछा कि क्या कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट वीआईपी नहीं हैं क्या? ये सभी पिछले 24 घंटे में कुंभ में स्नान कर आए हैं और इनका जाना पूरे वीआईपी प्रोटोकॉल से हुआ है। श्री चिमनीनी ने कहा वास्तव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस और भूपेश बघेल को इस बात की पीड़ा है कि विष्णुदेव साय सरकार में सभी जनप्रतिनिधियों को कुंभ के स्नान करने का अवसर मिल रहा है सनातन धर्म की जब जब बात आती है भूपेश बघेल इसके विरोध में खड़े दिखाई देते हैं, इससे पहले भी कई बार वह सनातन विरोधी बयान दे चुके हैं। बजरंग दल का भी मजाक बना चुके है।

वो खुद तो प्रयागराज गए नहीं तो कम से कम जो गए हैं उनके खिलाफ टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। छत्तीसगढ़ से उनकी ही पार्टी से कई कांग्रेस विधायक भी कुंभ में स्नान करने गए तो क्या भूपेश बघेल उन्हें पार्टी से निकलवा देंगे या डीके शिवकुमार,सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह का विरोध करेंगे।

## बजट सत्र होगा हंगामेदार, कानून व्यवस्था और निर्माण कार्यों पर लगे कई सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

**विधायकों ने अब तक लगाए 1862 सवाल**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा। सत्र में 17 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। सत्र की बैठकों के लिए विधायकों ने सवाल लगाना शुरू कर दिया है। अब तक 1862 सवाल लगाए जा चुके हैं। अधिकतर विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। सवालों में 943 तारांकित और 871 अतारांकित सवाल लगाए गए हैं। कांग्रेस और भाजपा विधायकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित मामले उठाए गए हैं। अधिसूचना जारी होने के



बाद पिछले दो सप्ताह से सवाल लगाने का क्रम जारी है। विपक्ष के विधायकों ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण, नक्सल मुठभेड़, सड़क निर्माण में गड़बड़ी, दवा खरीदी, जल जीवन मिशन, किसानों से धान खरीदी, नगरीय प्रशासन विभाग में आडिट आपत्ति सहित कई अन्य मामलों में सवाल लगाए हैं। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच आ रहे सवालों को लेकर कहा जा रहा है कि इस दौरान तीखी बहस के दौरान हंगामे के आसार हैं। सत्र के दौरान पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज होगा। अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का अवसर मिलेगा। माना जा रहा है कि उसके बाद 28 फरवरी को बजट पेश किया जा सकता है। सत्र के दौरान प्रतिदिन होने वाले प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक अपने सवालों का जवाब मांगेंगे।

## राजस्व वसूली समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार दिया है। स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले शहर की सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य योजनाओं का समन्वय करने और राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए जोन के प्रभारी अधिकारी का प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया गया है।

शहर की सफाई व्यवस्था पर नजर रखने अब निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त जोन अधिकारी के साथ सड़क पर उतरेंगे। जोन भ्रमण कर वे स्थल पर समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रायपुर शहर को केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार के निर्देश पर यह प्रशासनिक व्यवस्था दी है, जिसके अंतर्गत अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को जोन क्रमांक 2, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल को जोन 5, पंकज शर्मा को जोन 6 प्रभारी, विनोद पांडेय को जोन 3, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा जोन 9, जसदेव सिंह बाबरा जोन 1, प्रभारी उपायुक्त प्रीति सिंह जोन 8, प्रभारी उपायुक्त दिव्या चंद्रवंशी जोन 10, राजस्व अधिकारी क्षीरसागर नायक जोन 7 और निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव को जोन 4 के प्रभारी अधिकारी का प्रशासनिक दायित्व दिया गया है। जोन के प्रभारी अधिकारी प्रतिदिन संबंधित जोन का भ्रमण कर वहां की विशेष समस्या से नगर निगम आयुक्त को अवगत कराएंगे।

## सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी

# निकाय चुनाव की मतगणना कल, महापौर और अध्यक्ष के लिए गणना पहले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतदान की प्रक्रिया होने के बाद ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। अब 15 फरवरी को गणना के समय इसे खोला जाएगा। मतगणना सभी जिला मुख्यालयों में होगी। मतगणना में सबसे पहले महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की गणना की जाएगी। वार्ड वार होने वाली गणना पूरी होने के बाद पार्षद पद की गणना शुरू होगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि गणना रिटर्निंग अधिकारी के टेबल पर की जायेगी। गणना सबसे पहले महापौर/अध्यक्ष पद के लिए और उसके बाद क्रमशः वार्डवार की जायेगी। मतपत्र खोले जाने के समय अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सारी कार्रवाई होगी। बताया गया कि एक वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना एक ही टेबल पर होगी। मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक होने पर आयोग की अनुमति से अधिकतम दो टेबल लगाये जा सकते हैं। परंतु एक-एक कर मतदान केन्द्रवार ही मतगणना होगी, न कि सभी मशीनें एक साथ गणना में शामिल की जायेंगी। यदि किसी मतदान केन्द्र पर मतदान के दौरान मशीन बदली गयी हो तो उस केन्द्र की सभी मशीनें एक ही चक्र में गिनी जायेंगी। यदि किसी मतदान केंद्र पर एक से अधिक ईवीएम का उपयोग किया गया है, तो संबंधित राउंड में सभी मशीनें सीपीयू एक साथ दी जाएगी और उसी राउंड में गणना की जाएगी। किसी भी स्थिति में एक राउंड की सभी मशीनें हटाये जाने के बाद ही अगले राउंड की मशीनें गणना के लिए लायी जाएंगी।

**मतगणना पूर्व तैयारियों को लेकर आयुक्त ने ली बैठक**




### कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में मतगणना प्रक्रिया की बारीकियों, सुरक्षा प्रबंधन, तकनीकी सहयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर गहन चर्चा हुई। राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया को किसी भी प्रकार की बाधा से मुक्त रखा जाए और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी जाए।

### रायपुर के 70 वार्ड में 104 टेबल लगाए जाएंगे

रायपुर नगर निगम में 70 वार्ड के मतों की गिनती के लिए 104 टेबल लगाए गए हैं। वहीं डाक मतपत्र के लिए 10 टेबल लगाए जाएंगे। महापौर पद की गिनती दस राउंड में पूरी होने का अनुमान है। रायपुर में नतीजों का रुझान दोपहर तक स्पष्ट हो जाएगा। शाम तक नतीजों की घोषणा हो जाएगी।

### यादव समाज का परिचय सम्मेलन 16 को सम्मान समारोह भी

**रायपुर।** छग यादव समाज द्वारा राज्य स्तरीय यादव युवक–युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह, सामाजिक आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन 16 फरवरी रविवार को शहीद स्मारक भवन राज टॉकिज के पास आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में छग के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव युवक, युवती, बुजुर्ग, समाज प्रमुख उपस्थिति दर्ज कराएंगे तथा इस परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवा, परित्यक्ता, विधवा, विधुर, दिव्यांग प्रतिभागी भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीयन करा सकते है। साथ ही समाज के खेल, शिक्षा, राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त यादव बंधुओं को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# रविवि में एक सप्ताह से पानी नहीं, छात्रों ने कहा-कुलपति सिर्फ देखते हैं, हम मिलकर बनवा लेते हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को विकास कार्य के नाम पर कैंपस में लगे वृक्षों को उखाड़ने से फुरसत नहीं है। गर्मी बढ़ने के साथ ही विद्यार्थी पानी के लिए परेशान होने लगे हैं, लेकिन विवि प्रबंधन का ध्यान इस ओर नहीं है। छात्र मुश्किल से पीने के पानी का बंदोबस्त कर रहे हैं। अधिकतर छात्र अपने साथ स्वयं ही पीने का पानी घर से लेकर आ रहे हैं, लेकिन 6 घंटे तक चलने वाली लंबी कक्षाओं के लिए एक बोतल पानी पर्याप्त नहीं हो पाता।

## कला भवन सहित अन्य अध्ययनशालाओं में पीने के साफ पानी को तरसे छात्र

### शिक्षक भी नहीं पीते यहां का पानी

छात्रों ने हरिभूमि से अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि स्थिति इतनी खराब है कि शिक्षक भी रविवि कैंपस का पानी नहीं पीते हैं। अधिकतर शिक्षक अपने साथ पानी लेकर आते हैं। प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधा के लिए भी विद्यार्थियों को तरसना पड़ रहा है। वे कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं। अधिकारी और जिम्मेदार आते हैं, लेकिन व्यवस्था दुरुस्त करने के स्थान पर सिर्फ देखकर चले जाते हैं। छात्र इस दुविधा में हैं कि वे परीक्षा की तैयारी करें अथवा पानी के लिए आंदोलन करते रहें।



### फॉर्मेसी में भी लंबे समय से थी दिक्कत

ना केवल कला भवन बल्कि रविवि के कई विभागों में पानी की समस्या बनी ही रहती है। वजह, रविवि द्वारा नियमित रूप से वॉटर कूलर का मेंटनेंस नहीं किया जाना है। कला भवन के पूर्व फॉर्मेसी विभाग में भी लंबे समय से यह दिक्कत बनी हुई थी। छात्रों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने पर बीते माह ही यहां के विभागाध्यक्ष द्वारा इसे सुधारा गया। माहभर से यहां ठंडा और साफ पानी आ रहा है। अन्य विभागों में कहीं पानी ही नहीं आ रहा है तो कहीं गर्म या गंदा पानी आ रहा है।

ऐसे में विद्यार्थी मिनरल वॉटर खरीदकर पी रहे हैं। अन्य अध्ययनशालाओं में कुछ वॉटरकूलर काम भी कर रहे हैं, लेकिन सर्वाधिक दिक्कत कलाभवन में हो रही है। यहां एक भी वॉटरकूलर काम नहीं कर रहा है। इससे आहत विद्यार्थी छात्रों के लिए बनाए गए व्हॉट्सऐप ग्रुप में ही अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। इसमें एक विद्यार्थी ने लिखा, कला भवन में पानी नहीं आ रहा है। आखिर करें तो क्या करें? कुलपति जी अब तक तीन बार देखकर जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। गर्मी का महीना आ गया है। यदि उनसे नहीं हो रहा है, तो हम सभी मिलकर इसे बनवाएंगे।

## खबर संक्षेप



### प्रतिभागियों को कराया योग का अभ्यास, बांटे प्रशस्तिपत्र

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन के बोरियाकला सेंटर में आयोजित 50 दिवसीय निशुल्क योग कक्षा का समापन गुरुवार को किया गया। इस योग कक्षा में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र वितरित किए गए। योग कक्षा का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग के लाभों से अवगत कराना था। इस मौके पर योग कक्षा की प्रशिक्षिका रेणुका वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास कराया और उनके शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि इला राठौड़ ने योग और मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को ध्यान का अभ्यास भी करवाया। प्रतिभागियों ने इस प्रकार की कक्षाएं आगे भी जारी रखने की मांग की। केयर स्किल फाउंडेशन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपना सकें।

## निधन

### धीरज कुमार भारती



**रायपुर।** विवेकानंद नगर एनएच कॉलोनी निवासी धीरज कुमार भारती (26) का 13 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे देवलाल भारती, राजेंद्र कुमार व भूषण भारती के भतीजे थे। उनके निधन पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अध्यक्ष आरपी भतपहरी, विनोद भारती, किषणा कोसले, रामेश्वर कुर्रे श्रद्धांजलि देने उपस्थित रहे।

### बिसाहू यदु



**रायपुर।** ग्राम छतौना मंदिर हसौद निवासी बिसाहू राम यदु का 13 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम छतौना में किया गया। वे सूरजबाई यदु के पुत्र, गणेशिया बाई यदु के पति एवं पुनीत, वासु, पूजा, पायल, सीमा, सोनिया यदु के पिता थे।

### ज्ञानेश्वर तिवारी



**रायपुर।** जिला बेमेतरा के ग्राम पथर्रा निवासी ज्ञानेश्वर तिवारी (61) का 13 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को उनके गृहग्राम पथर्रा से किया जाएगा। वे नीता तिवारी के पति और डॉ. मेहा तिवारी के पिता थे।

# सीमेंट के दाम थोक में तीन सौ पार, चिल्हर में साढ़े तीन सौ रुपए

*नान ट्रेड 55 और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल में भी प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने नान ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और महंगा कर दिया है। ऐसे में नान ट्रेड सीमेंट 55 रुपए और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा हो गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है कीमत कम कर देती हैं। प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते छह माह से यही सब चल रहा है। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखकर बढ़ी कीमतों को कम कराने की मांग की है, इसके बाद भी कंपनियां लगातार दाम बढ़ाने में लगी हैं।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां सीमेंट के दाम को लेकर खेल कर रही हैं। नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए, इसके बाद हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। अब फिर से नए साल में दाम बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 305 से 320 रुपए हो गया है, वहीं यह चिल्हर में चिल्हर में यह 330 से 350 रुपए में बिक रहा है।



### दाम पर कोई अंकुश नहीं

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। बीते साल सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नान ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।

### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने नवंबर में प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मचगया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे करके अंततः बढ़े हुए 15रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसको भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से दाम बढ़ाए गए और अब नए साल में दाम बढ़ा दिए हैं।

# जोन दफ्तर के सामने केबल डालने सड़क खोदी, फाफाडीह चौक के पास ट्रैफिक जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम आयुक्त ने जोन 2 के मुख्य चौराहों का किया निरीक्षण
- यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित करने दिये निर्देश

फाफाडीह के पास जोन 2 कार्यालय के सामने अंडरग्राउंड केबल के लिए मुख्य मार्ग की सड़क खुदाई करने से वहां ट्रैफिक की समस्या हो रही है। इसी तरह तेलघानी नाका के पास रेलवे का ट्रांसपोर्ट हब बनाया जा रहा है, चौक के पास की सड़क संकरी और ढाल वाली होने से दुघर्टना का अंदेशा बना हुआ है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को जोन 2 के कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे के साथ स्पॉट का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुगम आवागमन की व्यवस्था शीघ्र दिलाने निर्देश दिये। निगम आयुक्त तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन चौक, आंबेडकर चौक, फाफाडीह चौक में ट्रैफिक की समस्या और सफाई व्यवस्था की धरातल पर स्थिति जानने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जोन 2 के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक प्रस्ताव सर्वे सहित जल्द स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने की हिदायत दी। साथ ही मुख्य चौराहों की यातायात व्यवस्था सुगम बनाकर नागरिकों व वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलवाने आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

# डॉ. अंसारी के गजल संग्रह 'आरजू बस यही' का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मैट्स विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी के गजल 'संग्रह आरजू बस यही का विमोचन किया गया। यह विमोचन महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित शंकर राव चव्हाणा स्मृति भवन में विगत दिनों आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर चीन, श्रीलंका और मॉरीशस के प्रसिद्ध प्रवासी साहित्यकारों द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी की मुख्य वक्ता के रूप में मैट्स विश्वविद्यालय के साहित्यकारों डॉ. विवेकमणि त्रिपाठी चीन, डॉ. अनुशा नीलमणि श्रीलंका, डॉ. तनुजा बिहारी के हाथों किया गया। इस गजल संग्रह की भूमिका में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कल्याण महाविद्यालय भिलाई के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने लिखा है। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. नूरजहां रहमतुल्ला असम, यशवंत महाविद्यालय नांदेड़ के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप पाईकराव, डॉ. सुनील जाधव, डॉ. साईंनाथ साहू, डॉ. लक्ष्मण काले, डॉ. परविंदर कौर महाजन, डॉ. जहीरूद्दीन पठान, डॉ. रजिया शेख, डॉ. शहनाज सहित विभिन्न राज्यों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस सेमीनार में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक राव चव्हाण, पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डीपी सावंत, कार्यकारी सदस्य नरेंद्र चव्हाण सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

# चैंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दुर्ग, महासमुंद, दंतेवाड़ा और जांजगीर-चांपा जिलों में मतदान केंद्र बनाने ज्ञापन सौंपा

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने चैंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने चैंबर चुनाव में नवीन मतदान केंद्र बनाने ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने बताया कि चैंबर चुनाव को सुगम बनाने रायपुर जिला, भिलाई जिला, दुर्ग जिला, राजनांदगांव जिला, बिलासपुर जिला, रायगढ़ जिला, सरगुजा जिला, मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर जिला, महासमुंद जिला, धमतरी जिला एवं दंतेवाड़ा जिला में मतदान करवाने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में चुनावी मार्ग निर्देशिका सहायक चुनाव अधिकारी प्रकाश गोलछा को दे दी गई थी।



वर्तमान में चैंबर चुनाव समिति द्वारा इन जिलों के विभिन्न शहरों में निर्वाचन समिति ने मतदान करने का निर्णय लिया पर उसमें महासमुंद दुर्ग और दंतेवाड़ा जिला का उल्लेख नहीं है। इन स्थानों के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मौखिक रूप से जांजगीर-चांपा में भी उद्देश्य नियमावली एवं चुनाव मार्गदर्शिका के अनुसार मतदान केंद्र बनाए जाने का अनुरोध किया गया था। इसी सिलसिले में उन्हें ज्ञापन सौंपकर उद्देश्य नियमावली एवं चुनाव मार्गदर्शिका के अनुसार दुर्ग, महासमुंद ,दंतेवाड़ा जिला के लिए लिखित और जांजगीर-चांपा जिले में भी मतदान केंद्र बनाने मौखिक निवेदन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने इस पर उचित कदम उठाने की बात कही।

# महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई जेल में बंद आरोपियों से लगातार कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जेल में बंद आरोपियों के अलावा जमानत पर छूटे लोगों के साथ केस से जुड़े पुलिसकर्मियों से पूछताछ

महादेव सट्टा एप मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द किए जाने के बाद सीबीआई के अफसरों ने मामले की जांच तेज कर दी है। सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद आरोपियों से सीबीआई के अफसर लगातार 12 वें दिन पूछताछ करने पहुंचे। इसके अलावा महादेव सट्टा एप में जेल से जमानत पर छूटे लोगों को भी सीबीआई के अफसर नोटिस जारी कर पूछताछ करने ऑफिस तलब कर रहे हैं। सीबीआई के अफसर 15 फरवरी तक जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करेंगे। सीबीआई के अफसर जेल में बंद अब तक 14 आरोपियों से पूछताछ कर चुके हैं।

महादेव सट्टा एप मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में डेढ़ दर्जन के करीब आरोपी बंद हैं। सीबीआई के अफसर जेल में बंद आरोपियों से महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के साथ ही किन-किन लोगों को कमीशन पहुंचाया जाता था, उस संबंध में पूछताछ कर रहे हैं। इसके साथ ही सट्टे की रकम का ट्रांजेक्शन म्यूल अकाउंट के अलावा और किस तरह से किया जाता था, इसे लेकर सीबीआई के अफसर आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं।




### जांच में शामिल पुलिस अफसरों से पूछताछ

*महादेव सट्टा एप के लेकर पूर्व में अलग-अलग थानों में दर्ज प्रकरण की जांच में शामिल अफसरों से भी सीबीआई के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। इसके साथ ही जिन पुलिस अफसर तथा कर्मियों के महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों को प्रश्रय देने के आरोप हैं, उनसे भी सीबीआई के अफसर पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अफसरों ने दम्मानी बंधुओं से भी पूछताछ की है। साथ ही अन्य लोगों से पूछताछ की है।*

### जेल में इन लोगों से हो चुकी है पूछताछ

*महादेव सट्टा एप को लेकर सीबीआई के अफसर जेल में बंद रितेश यादव, राहुल वक्टे, चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, सुनील दम्मानी, भीम यादव, अमित अग्रवाल, अर्जुन यादव, नितिन दीवान, किशन वर्मा, सहदेव यादव, भारत ज्योति ऊर्फ गुरु, अतुल सिंह और विश्वजीत चौधरी से पूछताछ कर चुके हैं।*

## पेज 9 के शेष

### ढाई महीने से चल...

दूसरी बार एक्टिवा से रेकी करने पहुंचे मनोहरण के घर में डकैती का फुलप्रूफ प्लान तैयार करने के बाद अजय शाहिद तथा पिंटू अजय की एक्टिवा से मनोहरण के घर की दोबारा रेकी करने पहुंचे। इसके बाद उसी शाम सोमनी में राहुल, उसकी पत्नी नेहा, शाहिद, पिंटू तथा अजय पुनः मिलते हैं और डकैती को कैसे अंजाम देना है, इसके लिए दोबारा प्लानिंग करते हैं। डकैती की योजना में इस्तेमाल वर्दी तथा मेडिकल सामान नेहा ने उतई से खरीदा।

पुलिस गतिविधियों की पल-पल की जानकारी पुलिस के अनुसार सोम शेखर डकैती की योजना बनाने के बाद पूरी तरह से गायब हो गया था। घटना दिनांक को मनोहरण के घर में डकैती हुई, तब सोम शेखर अपने घर पर था। डकैती होने की जानकारी मिलने पर सोम शेखर मनोहरण के घर पहुंचा। पुलिस कार्रवाई को समझता है और इस बात की जानकारी अपने साथियों तक पहुंचाता है।

### लौटी जिंदगी की उम्मीद...

शुरू होने की संभावना पर पूरे डेढ़ माह इंतजार किया। ऑपरेशन करने वाले हार्ट सर्जन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया, दुर्ग जिले के रहने वाले इस 72 वर्षीय मरीज को डेढ़ महीने पहले छाती में तेज दर्द हुआ था। इसके कारण उन्हें स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। ईसीजी देखकर हार्ट अटैक का पता चल गया था। एंजियोग्राफी से स्पष्ट हुआ कि हृदय की मुख्य नस में 65 प्रतिशत तथा अन्य तीनों नसों में 90 से 95 प्रतिशत ब्लॉकेज था। ब्लॉकेज इतना ज्यादा था कि वहां के डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी करने से मना कर दिया एवं वहां से कोरोनरी बाईपास सर्जरी के लिए बड़े संस्थान में रेफर कर दिया। इस मरीज के रिश्तेदार एवं स्वयं मरीज ने आंबेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग की कई सफल सर्जरी के बारे में काफी सुना था, इसलिए उन्होंने अन्य संस्थान न जाकर प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में अपना ऑपरेशन कराने का फैसला लिया।

**यह है बाईपासः** ओपन हार्ट सर्जरी के लिए छाती को खोलकर हार्ट लंग मशीन की सहायता से हार्ट और फेफड़ों के कार्य को बंद किया जाता है। फिर हृदय के चेंबर को खोलकर या तो वॉल्व बदला जाता है या फिर रिपेयर किया जाता है या फिर दो चेंबर के बीच छेद को बंद किया जाता है। बाईपास सर्जरी में छाती को खोला जाता है परंतु हार्ट के चेंबर को नहीं खोला जाता। यह तब किया जाता है जब हार्ट के मांसपेशियों को सप्लाई करने वाली नस में ब्लॉकेज होता है। इस ऑपरेशन में छाती के अंदर से हाथ से रेडियल आर्टरी एवं पैरों से सैफेनस वेन को ब्लॉकेज वाले हिस्से में जोड़ दिया जाता है। विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, परफ्यूशनिस्ट, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, आईसीयू स्टाफ के साथ मिलकर इसे पूरा किया गया।

### संभावना पर उठाया...

मरीज के हार्ट की तीनों नसों के ब्लॉकेज के साथ-साथ मुख्य नस में भी ब्लॉकेज था। हार्ट मात्र 40 प्रतिशत ही कार्य कर रहा था एवं मरीज को क्रॉनिक किडनी डिजीज थी। बीमारी के कारण मरीज का क्रिएटिनिन लेवल 1.5 एमजी था। कई बार ऐसे मरीजों को अचानक किडनी फेल हो जाने के चांस बढ़ जाते हैं और डायलिसिस की नौबत आ जाती है।

### स्टेशन में नो-पार्किंग में...

पर लॉक लगाकर सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्टेशन परिसर में करीब आधा दर्जन नो-पार्किंग क्षेत्र हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी कार खड़ी कर चले जाते हैं, जिससे स्टेशन परिसर में आम यात्रियों का आवागमन प्रभावित होता है।

### दर्जन से अधिक लोग...

गाड़ी व्यवस्थित स्थानों पर खड़ी करनी चाहिए। आरपीएफ ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति नो-पार्किंग में दो मिनट के लिए गाड़ी खड़ी करता है और वहां से चला जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही, स्टेशन परिसर में यात्रीगण को आसानी से आवागमन की सुविधा देने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### हवा की दिशा में...

सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक 18.5 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे अधिक गर्म बीजापुर 33.8 डिग्री के साथ रहा। सबसे ठंडा 10.9 डिग्री के साथ बलरामपुर रहा।

बिलासपुर, दुर्ग भी गर्म

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के कई जिलों का तापमान 30 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। इसमें बिलासपुर, दुर्ग सहित राजनांदगांव भी शामिल है। गुरुवार को बिलासपुर का तापमान 31 डिग्री, दुर्ग और जगदलपुर का तापमान 33.5 डिग्री तथा राजनांदगांव का तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। पेंड्रारोड का तापमान 27.7 डिग्री और अंबिकापुर का 27.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में ठंड की विदाई फिलहाल पूरी तरह से नहीं होगी। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में फिलहाल सुबह और देर रात हल्की ठंड का अहसास होता रहेगा, लेकिन दक्षिण भाग में दोपहर में पंखे चलाने की स्थिति रहेगी।



## खबर संक्षेप



### न्योता भोज में वितरित किए पकवान

**रायपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला बस्तीपारा भाटागांव में विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का अयोजन किया गया। विद्यार्थियों को पौष्टिक और सेहतवर्धक पकवान इस दौरान परोसे गए। प्रधान पाठक शुभांगी शूर, सहायक शिक्षिका आरती तिवारी, संकुल समन्वयक राजेंद्र प्रसाद शर्मा, शिक्षाविद किशोर साहू सहित विद्यालय के सफाई कर्मी, मध्यान्ह भोजन कर्मी व समिति सदस्य भी इसमें शामिल हुए। भुनेश्वर यादव द्वारा अपनी बालिका के जन्मदिन के अवसर पर यह न्योता भोज कराया गया।

### 'संतश्री' प्रकट दिवस महोत्सव 16 से

**रायपुर।** संत श्री गजानन महाराज (शेगांव) संस्थान तात्यापारा रायपुर द्वारा संतश्री का प्रकट दिवस



महोत्सव कार्यक्रम रविवार 16 से 22 फरवरी तक मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को शाम 6 बजे से कलश स्थापना, शोडशोपचार पूजन के साथ होगी। मंगलवार शाम को मंदिर परिसर से संतश्री की शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा रात्रि 9 बजे श्री हनुमान चालीसा का 101वां पाठ वरदान केसरी ग्रुप द्वारा किया जाएगा। संतश्री गजानन महाराज के आशीर्वाद से मंदिर भवन का विस्तारीकरण कार्य पूर्णता की ओर है। संत श्री अभिषेक योजना एवं भाजी भाकर (प्रसाद) योजना का सफल संचालन गत अनेक वर्षों से मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है।

# खराबी आने पर न मरम्मत कराई न नीलामी, दर्जनों गाड़ियां खड़ी-खड़ी कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर के पुराना मंत्रालय की पार्किंग में सालों से खड़ी बिगड़ी सरकारी गाड़ियां अब कबाड़ में तब्दील हो गई हैं। इन बिगड़ी गाड़ियों को ठीक कर उपयोग किया जाना था या फिर इनकी नीलामी होनी थी, जिससे संबंधित विभाग या प्रशासन को इससे अच्छी खासी राशि प्राप्त होती, लेकिन बिगड़ने के बाद इन गाड़ियों को लावारिस हालत में पुराना मंत्रालय की पार्किंग में खड़ा कर दिया गया था, जिससे कारण अब ये सभी गाड़ियां कबाड़ हो चुकी हैं। सालों से खड़ी इन गाड़ियों के कारण पार्किंग में स्पेस की कमी भी होने लगी थी, जिसके कारण कई लोग मुख्य सड़क पर ही वाहन पार्क करने लगे थे। इस कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति भी निर्मित होने लगी थी। इसे देखते हुए अब इन कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को पार्किंग से हटाकर पुराना नर्सिंग हास्टल के बगल में स्थित गॉर्डन और डीकेएस हास्पिटल की खाली पड़ी जमीन पर डंप कर दिया गया है।

## पुराना मंत्रालय के सामने कबाड़ हो चुकी सरकारी गाड़ियों को पार्किंग से उठाकर गार्डन में किया डंप

### कबाड़ में बेचेंगे तो भी हाथ आएगी मोटी रकम

सरकारी गाड़ियां जरूर कबाड़ हो चुकी हैं, लेकिन इसे कबाड़ी दुकान में बेचा गया तो भी इससे अच्छी खासी रकम मिलेगी। इसके बाद भी संबंधित विभाग या प्रशासन द्वारा इन कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को बेचने के लिए अब तक कोई प्रक्रिया या कार्यवाही नहीं की गई है।इसके कारण कबाड़ की तरह डंप पड़ी कई गाड़ियों के पाट्‌र्स भी चोरी हो चुके हैं। इन गाड़ियों को अब लावारिस की तरह खाली जगह पर डंप कर दिया गया है, जिसके बाद इन गाड़ियों के चोरी होने की भी आशंका बनी हुई है।







### इस तरह की गाड़ियां हैं डंप

एंबेसडर कार, जिप्सी कार, एंबुलेंस, स्वराज माजदा वाहन शामिल है। इसके अलावा कलेक्टोरेट परिसर में भी कुछेक सरकारी वाहन कबाड़ की तरह डंप हैं। इन गाड़ियों की भी नीलामी नहीं की जा रही है।

## इस सीजन 40 से 50 हजार एसी बिकेंगे गांवों में

# गांवों में भी एसी की अब बड़ी डिमांड तीन साल में कारोबार हो गया डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

एयर कंडीशनर यानी एसी को एक समय में अमीरों का माना जाता था। मध्य वर्ग इसको खरीदने की कल्पना भी नहीं करते थे, लेकिन अब स्थिति यह हो गई है कि अपने राज्य छत्तीसगढ़ में गांवों में भी एसी की बड़ी डिमांड हो गई है। यही वजह है कि बीते तीन साल में प्रदेश में एसी की डिमांड गर्मी में डबल हो गई है। तीन साल पहले प्रदेश में गर्मी के सीजन में 50 हजार के आस-पास बिकते थे, लेकिन अब इसकी बिक्री डबल से ज्यादा होने वाली है। बीते साल ही 80 हजार से ज्यादा एसी बिके हैं। इस सीजन में सवा लाख एसी बिकने का अनुमान कारोबारियों का है। इसमें से 40 से 50 हजार ग्रामीण क्षेत्र में बिकेंगे।

एसी की कीमत 30 हजार से कम नहीं रहती है। इतनी कीमत की एसी लगाने से मध्यम वर्ग बचता है। एसी लगाने की हिम्मत कर भी लें जो इसका बिजली बिल इतना ज्यादा रहता है कि इसके कारण पसीना निकल जाता है। लेकिन अपने प्रदेश में अब एसी शहरों से निकलकर गांवों तक पहुंच गए हैं। इसके पीछे का एक बड़ा कारण यह भी है कि अपने राज्य में 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ लगता है। यही वजह है कि लोग अब बिजली बिल की परवाह नहीं करते हैं।



### गांव में भी अब लग्जरी लाइफ

कारोबारी कहते हैं कि गांव वालों को भी अब लग्जरी लाइफ भा रही है। प्रदेश भर के किसानों को धान का इतना ज्यादा पैसा मिल रहा है जिसके कारण उनकी लाइफ स्टाइल बदल रही है। अब हर गांव के किसान के घरों में एसी की डिमांड होने लगी है। यही नहीं गांवों के लोग अब एक लाख से ज्यादा कीमत के मोबाइल भी ले रहे हैं। इसी के साथ महंगी एलईडी की भी गांवों में डिमांड है। मध्यम वर्ग के घरों में भी अब एक से ज्यादा एसी लग रहे हैं।

### मांग दुगुनी

इस सीजन में करीब सवा लाख एसी बिकने का अनुमान है। इसमें से 40 से 50 हजार एसी गांवों में बिकेंगे। बीते तीन साल में एसी की डिमांड डबल हो गई है।

- **राजेश वासवानी,** संचालक लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स

### एसी की डिमांड में लगातार इजाफा

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 45 से 50 हजार के आस-पास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आस-पास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार से ज्यादा बिके हैं। इस साल करीब सवा लाख एसी बिकने का अनुमान है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 40 हजार मान लें तो इस सीजन में चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो जाएगा। इस बार भी कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।

# कहां बैठाएं? पहली बार शाम को कक्षाएं लगाने की तैयारी, वजह- वार्षिक पर्चे व सेमेस्टर कक्षा संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने के साथ ही कई तरह के बदलाव महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में लागू कर दिए गए हैं। कई महाविद्यालयों को इसके चलते कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब एक नई दिक्कत जगह की कमी को लेकर सामने आ गई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रथम वर्ष में सेमेस्टर परीक्षा पद्धति लागू की गई है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जारी हैं और द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की जाएंगी। ऐसे में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्त होते ही द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं महाविद्यालयों को संचालित करनी होंगी।

इस बीच एक मार्च से रविवि स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष की कक्षाओं के लिए भी वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन करेगा। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं भी दो पालियों में आयोजित होंगी। ऐसे में प्रथम सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं संचालित करने और वार्षिक परीक्षाएं एक साथ आयोजित करने महाविद्यालयों में जगह की कमी हो रही है। कई महाविद्यालय दूसरी पाली की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद प्रथम वर्ष की द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित करने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन इसमें भी कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं।




- प्रथम वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चलते जारी रहेगी कक्षाएं
- द्वितीय और तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं एक मार्च से

### 90 दिनों के अंतराल में पुनः परीक्षाएं

प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी माह में प्रारंभ हुई थीं। ये अब तक समाप्त नहीं हुई हैं। कई कक्षाओं की परीक्षाएं फरवरी माह तक चलेंगी। छात्रों की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में होंगी। ऐसे में 90 दिनों के अंतराल में ही विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षाएं दिलानी होंगी। चूंकि यह अंतराल अत्यंत कम है, इसलिए छात्रों की कक्षाएं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के बाद तुरंत ही आयोजित की जाएंगी। छात्रों को वार्षिक परीक्षाएं के दौरान छुट्टियां देना महाविद्यालय प्रबंधन के लिए संभव नहीं होगा, क्योंकि रविवि की वार्षिक परीक्षाएं भी एक से दो माह तक चलती हैं।

### लड़कियों को दिक्कत

संध्याकालीन कक्षाएं लगाई जा सकती हैं, लेकिन इस वक्त छात्राओं को दिक्कत होगी। कई बच्चियां कई किमी दूर से अध्ययन करने के लिए आती हैं। ऐसे में हम विकल्प ढूंढ रहे हैं।

-**डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

## बिजनेस साइट

# रायपुर में पंजाब नेशनल बैंक का एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम

**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने गुरुवार को होटल उत्सव इन में 'पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम 2025' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन शीतल शाश्वत वर्मा (आईआरएस), संस्थागत वित्त निदेशालय, छत्तीसगढ़ सरकार ने किया।

इस अवसर पर पीएनबी के महाप्रबंधक आदित्य कुमार पाधी और अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अनुकूलित वित्तीय समाधान, त्वरित ऋण वितरण और डिजिटल बैंकिंग उपकरण प्रदान करना था। शीतल शाश्वत वर्मा ने पीएनबी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उद्यमियों को लाभ मिलता है। इस कार्यक्रम के दौरान, उधारकर्ताओं को ऋण स्वीकृति पत्र, परामर्श और उद्योग नेटवर्किंग के अवसर मिले। पीएनबी ने एमएसएमई



के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाओं का भी प्रचार किया।

# इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक महेश कुमार बजाज का रायपुर दौरा

**रायपुर।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक, इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक महेश कुमार बजाज गुरुवार को रायपुर पहुंचे।



इस दौरान उन्होंने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में ग्राहकों से मिलने, सरकारी अधिकारियों से बातचीत करने और मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का है। वे यहां छत्तीसगढ़ में मौजूदा अवसरों और राज्य के विकास में बैंक के योगदान पर चर्चा करने आए हैं। महेश कुमार बजाज ने इंडियन बैंक की स्थापना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, इंडियन बैंक की स्थापना 15 अगस्त 1907 को हुई थी। इसके बाद 1 अप्रैल 2020 को इलाहाबाद बैंक के साथ इस बैंक का समागम हुआ, जिससे बैंक ने प्रगति की और पहले ही साल में 3000 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। श्री बजाज ने बैंक के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया, हमने 117 डिजिटल जर्नी बनाई हैं, जो लोन और डिपॉजिट के मामलों में पेपरवर्क को कम करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में दो दिवसीय जटिल एंजियोप्लास्टी वर्कशॉप का समापन

**रायपुर।** श्री नारायणा हॉस्पिटल देवेंद्र नगर में आयोजित दो दिवसीय जटिल एंजियोप्लास्टी और सीटीओ वर्कशॉप का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में चेन्नई के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. गनन राज, श्री नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनोज गुप्ता सहित शहर के अन्य प्रमुख हृदयरोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। वर्कशॉप के दौरान 7 से 8 गंभीर हृदयरोगी मरीजों का उपचार किया गया, जिनकी एंजियोग्राफी में कई जटिलताएं और सीटीओ की समस्या थी, जिसके कारण सामान्य एंजियोप्लास्टी या



बाईपास सर्जरी करना संभव नहीं था। इन मरीजों की सफल एंजियोप्लास्टी अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा की गई। उपचार के बाद अगले दो-तीन दिनों में पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने इस वर्कशॉप की सफलता का श्रेय कार्डियोलॉजी टीम को दिया और कहा कि प्रदेश के गंभीर हृदय रोगियों के लिए ऐसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दिलाना हमारी टीम का निरंतर प्रयास रहेगा।

# कैमरे की निगरानी में सीबीएसई परीक्षाएं कल से स्वाध्यायी छात्र एक साथ देंगे प्रैक्टिकल व थ्योरी पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों की ही परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। इसी बीच सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में भाग लेने वाले छात्रों के लिए गाइडलाइन्स जारी की है। यह गाइडलाइन्स सीबीएसई कक्षा 12वीं के प्राइवेट स्कूलों के छात्रों के लिए है। ये गाइडलाइन्स विभिन्न श्रेणियों के उन सभी प्राइवेट छात्रों के लिए हैं, जिन्हें प्रैक्टिकल परीक्षा देनी है। बोर्ड के अनुसार, सीबीएसई 12वीं प्राइवेट छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 फरवरी से 15 मार्च तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी।

- एडमिट कार्ड के साथ गाइडलाइन भी जारी, सीसीटीवी की निगरानी में होगी परीक्षा

सीबीएसई बाई-लॉ नियमों के अनुसार, सीबीएसई 10वीं-12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं प्राइवेट स्टूडेंट के कई समूहों पर लागू होंगी। इनमें 2024 के वे छात्र जिनके अंक अनुपस्थिति या बार-बार प्रैक्टिकल के कारण छूट गए हैं, 2023 तक के वे छात्र जिनके प्रैक्टिकल अंक उपलब्ध नहीं हैं तथा 2022 या उससे पहले के वे छात्र जिन्होंने प्रैक्टिकल कंपोनेंट के साथ पूर्ण विषयों के लिए पंजीकरण कराया है, वे शामिल हैं। अन्य वर्षों की भांति इस बार भी सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं होंगी।

### थ्योरी के आधार पर असाइनमेंट की गणना

जिन विषयों में प्रैक्टिकल नहीं होंगे, उनके लिए इंटर्नल असिस्मेंट मार्क्स की गणना 2025 में छात्रों के थ्योरेटिकल अर्थात सैद्धांतिक परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर की




जाएगी। इस संबंध में बोर्ड ने अपने सर्कुलर में कहा है कि जिन विषयों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं नहीं हैं, उनके लिए कोई प्रोजेक्ट असिस्मेंट अथवा इंटर्नल असिस्मेंट नहीं दिया जाएगा। प्रोजेक्ट असिस्मेंट व इंटर्नल असिस्मेंट के अंकों की गणना वर्तमान परीक्षा यानी 2025 में थ्योरेटिकल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आनुपातिक रूप से की जाएगी।

### दूसरे स्कूलों से बुला सकेंगे शिक्षक

बोर्ड ने कहा कि सीबीएसई 12वीं प्राइवेट छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं उन्हीं एग्जाम सेंटर पर होंगे, जहां थ्योरेटिकल परीक्षाएं होंगी। एक्सटर्नल एग्जामिनर की नियुक्ति सीबीएसई के रीजनल डायरेक्टर अथवा सीबीएसई अधिकारियों द्वारा की जाएगी, जबकि इंटर्नल एग्जामिनर का का चयन सेंटर सुपरिटेंडेंट द्वारा स्कूल फैकल्टी से किया जाएगा। यदि कोई फैकल्टी मेंबर उपलब्ध नहीं है, तो तो आस-पास के स्कूलों से शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

### परीक्षा के दिन ही अपलोड होंगे अंक

एग्जामिनर को केवल सीबीएसई द्वारा जारी आंसर-बुक का उपयोग करना होगा और सभी प्रविष्टियों को सही ढंग से दर्ज करना होगा। इंटर्नल और एक्सटर्नल दोनों एग्जामिनर द्वारा वेरिफिकेशन के बाद अंकों को उसी दिन सीबीएसई पोर्टल पर अपलोड किया जाना होगा। प्राइवेट छात्रों को अपने 2025 एडमिट कार्ड और पिछली मार्कशीट या रिजल्ट कॉपी के साथ निर्धारित परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। सीबीएसई ने परीक्षा केंद्रों को विषयवार छात्रों की सूची तैयार करने और सुचारू प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एक्सटर्नल एग्जामिनर की नियुक्ति के लिए बोर्ड से संपर्क करने निर्देश दिए हैं।

# मृत व्यक्ति तथा अंगूठा छाप व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन बेचने इकरारनामा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने मृत व्यक्ति तथा अंगूठा छाप महिला के फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन बेचने फर्जी इकरारनाम कर दो करोड़ 14 लाख 71 हजार रुपए ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना एक वर्ष पूर्व की है। आरोपी ने मृत व्यक्ति की जमीन का सौदा करने उसके नाम का फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ मृतक की अंगूठा छाप पत्नी का फर्जी हस्ताक्षर कर एक व्यक्ति से जमीन बेचने सौदा कर एडवांस लिया था।

- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का मामला

ठगी के आरोप में पुलिस ने कोतवाली फव्वारा चौक निवासी मोहम्मद अल्ताफ को गिरफ्तार किया है। अल्ताफ के खिलाफ प्रवीण चंद पारख तथा अन्य ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण तथा अन्य ने पुलिस को बताया है कि अल्ताफ ने किसी अन्य की जमीन बिक्री करने फर्जी इकरारनामा देकर उनसे बेचने का सौदा कर एडवांस लेकर उन लोगों साथ ठगी की है। प्रवीण के अनुसार अल्ताफ ने उनके साथ 25 जुलाई 2024 को ठगी की थी।

### अलग-अलग लोगों की जमीन बेचने फर्जी इकरारनाम

पुलिस के अनुसार अल्ताफ ने आरंग निवासी कृष्ण कुमार साहू तथा रामनारायण बंजारे तथा बिसाहिन के अलग-अलग खसरा नंबर की जमीन बेचने सौदा किया किया था। कृष्ण कुमार साहू की मौत 26 जनवरी 2019 को हो गई है। जांच में बिसाहिन ने पुलिस को बताया है कि अल्ताफ ने जिस जमीन को बेचने इकरारनामा में उनकी सहमति के लिए हस्ताक्षर कराया है, वह उसका हस्ताक्षर नहीं है। साथ ही महिला ने पुलिस को पढ़े लिखे नहीं होने की जानकारी देते हुए अपने आपको अनपढ़ बताया। इसी तरह कृष्ण कुमार की पत्नी ने पुलिस को अपने पति की मौत की जानकारी जमीन बेचने इकरारनामा करने के चार वर्ष पूर्व मौत होने की जानकारी दी। पुलिस ने अल्ताफ के खिलाफ कूटरचना, फर्जी दस्तावेज तैयार करने सहित ठगी की धारा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

# बीए-बीकॉम की मेरिट लिस्ट जारी



**रायपुर।** पं.रविशंकर द्वारा मुख्य विषयों की मेरिट लिस्ट पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। जिन विषयों की मेरिट लिस्ट पूर्व में जारी नहीं की जा सकी है, अथवा जिनमें रविवि को दावा आपत्ति मिली है, उनके निराकरण पश्चात पुनः मेरिट लिस्ट रविवि द्वारा जारी की जा रही है। गुरूवार को रविवि द्वारा बीए और बीकॉम तृतीय वर्ष की मेरिट लिस्ट जारी की गई। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर, बीबीए षष्टम सेमेस्टर सहित कई अन्य विषयों की भी मेरिट लिस्ट जारी करते हुए वेबसाइट पर इसे अपलोड कर दिया गयाा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है



ड्राइवर - 1 पद
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

04

लहंगे के साथ इस तरह के मिनी ...

## एजुकेशन इवेंट

### ग्रामीण डाक सेवक के 21 हजार से अधिक पदों भर्ती शुरू, 10वीं पास कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** भारतीय डाक की ओर से ग्रामीण डाक सेवक के बंपर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए इंडिया पोस्ट की ओर से आवेदन प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू कर दी गई है। जो भी उम्मीदवारपात्रता रखते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से इंडिया पोस्ट की ऑफिशियल वेबसाइट india-post.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इसके साथ ही आप इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके सीधे फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 3 मार्च 2025 तय की गया है। एप्लीकेशन फॉर्म भरते समय अगर अभ्यर्थी से गलती हो जाती है तो वे 6 मार्च से लेकर 8 मार्च 2025 तक फॉर्म में संशोधन कर पाएंगे।




#### 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र

ग्रामीण डाक सेवक पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों का देश में की भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10th/ मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण किया हो। गणित एवं अंग्रेजी में अभ्यर्थी ने पासिंग मार्क्स अवश्य प्राप्त किये हों। इसके अलावा अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 40 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमनुसार छूट दी जाएगी। इस भर्ती के माध्यम से देशभर में ग्रामीण डाक सेवक के 21,413 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। BPM पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 12,000 से 29,380 रुपये प्रतिमाह वहीं ABPM/ Dak Sevak पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को 10,000 से 24,470 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा।

#### इंडियन नेवी में ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

इंडियन नेवी की ओर से नौकरी का शानदार मौका दिया जा रहा है। भारतीय नौसेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के तहत होने वाली भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ऑफिशियल वेबसाइट https:// www.joinindiannavy.gov.in/ पर जारी सूचना के अनुसार, जनवरी, 2026 बैच के लिए निकाली इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2025 है। आखिरी तारीख बीतने के बाद कोई भी एप्लीकेशन फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## आज शहर के आर्य समाज में हो सकती हैं दर्जनभर शादियां, कोर्ट में भी खास तैयारी

# वैलेंटाइन डे पर 'मुलाकात' का बदला ट्रेंड, अब होटलों में सेलिब्रेट, समय बिताने थियेटर के शो की बढ़ी बुकिंग

*वैलेंटाइन डे का उत्सव अब युवाओं के लिए एक नया रूप ले चुका है। एक समय था, जब 14 फरवरी को गार्डन और पार्कों में प्रेमी-प्रेमिकाओं की भीड़ देखने को मिलती थी, वहीं गार्डन के बाहर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी नजर आते थे, लेकिन अब समय के साथ इस दिन को सेलिब्रेट करने का तरीका पूरी तरह बदल चुका है। अब वैलेंटाइन डे पर प्रेमी जोड़े अपने खास पल बिताने के लिए होटल और रेस्तरां का रुख कर रहे हैं। यह दिन अब एक सामान्य तारीख बनकर रह गया है, जब लोग अपने प्रियजनों के साथ एक शांतिपूर्ण माहौल में भोजन और समय बिताना पसंद करते हैं।*



**रायपुर।** रेस्तरां में बढ़ती भीड़ और डिनर के लिए बुकिंग का चलन इस बदलते ट्रेंड को और स्पष्ट करता है। युवाओं का यह नया रुझान दर्शाता है कि वैलेंटाइन डे के प्रति सोच और इसका सेलिब्रेशन करने का तरीका अब पूरी तरह से बदल चुका है। शहर के होटलों में आज वैलेंटाइन डे विभिन्न आयोजन होंगे। दोपहर से लेकर रात तक डिनर टेबल एक दिन पहले ही बुक हो चुके हैं। इसके अलावा सामाजिक संस्था द्वारा कपल को प्रेम का महत्व बताया जाएगा।

#### वैलेंटाइन डे पार्टी में शामिल होंगे कपल्स

वैलेंटाइन डे के मौके पर रोटरी क्लब ने कपल्स के लिए खास पार्टी का आयोजन किया है। इस पार्टी में डांस, सिंगिंग और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रेमी-प्रेमिकाएं इस खास दिन को और भी मजेदार तरीके से मना सकें। कार्यक्रम में कपल्स को एक साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर इस दिन को यादगार बना सकेंगे। डांस और सिंगिंग के साथ ही कुछ रोमांचक खेल भी रखे गए हैं, जो उपस्थित सभी कपल्स को आकर्षित करेंगे। कपल्स अपनी भावनाओं को साझा करने के साथ-साथ मनोरंजन का भी भरपूर आनंद ले सकेंगे।



#### 4 दिनों तक नहीं मुरझाएंगे फूल

वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार में फूलों बाद 20 से 50 रुपए तक बढ़ गए हैं। गुरुवार को 1 हजार से लेकर 5 हजार तक गुलाब के फूलों का गुलदस्ता तैयार करने लोगों ने बुकिंग कराई तो वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदी भी की। देशी और विदेशी गुलाबों की महक ने गुलदस्तों की मांग बढ़ा दी है। रंगीन गुलाब के फूलों का गुलदस्ता सबसे महंगा बताया जा रहा है, जिसकी कीमत 5 हजार तक है। दुकानदारों का कहना है कि ये फूल 4 दिनों तक नहीं मुरझाएंगे। इस वजह से दाम अधिक है। दोस्त, कपल्स और अपनों को गुलाब देने रंग अनुसार फूल खरीद रहे हैं।

#### थियेटर के शो की बढ़ी बुकिंग

वैलेंटाइन डे के मौके पर शहर के थियेटरों में चल रही फिल्मों के सभी शो की एडवांस बुकिंग पूरी हो चुकी है। इस दिन, दोपहर, शाम और रात के समय बड़ी संख्या में दर्शक थियेटर में फिल्म देखने के लिए पहुंचेंगे। वैलेंटाइन डे पर कपल्स और परिवारों के लिए फिल्म देखने का ट्रेंड काफी बढ़ चुका है। इसके साथ ही शहर के मॉल में भी वैलेंटाइन डे के अवसर पर खास सजावट की गई है, जिससे माहौल और भी रोमांटिक हो गया है। मॉल में आने वाले लोग सजावट के साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। रेस्तरां में भी इस दिन के खास मौके पर विभिन्न ऑफर्स दिए जा रहे हैं, जिसमें कपल्स को रोमांटिक डिनर और डिस्काउंट का लाभ मिलेगा।



#### बैजनाथपारा में दिनभर होगी शादी

वैलेंटाइन डे पर बैजनाथपारा आर्य समाज में सुबह व दोपहर में विवाह होंगे। प्रबंधक ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर कई लोग बिना बुकिंग के पहुंचते हैं। लोगों का समय खराब न हो, इसके लिए विवाह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जो बुकिंग करा चुके हैं, उन्हें समय दिया जा चुका है। आर्य समाज में एक साथ दो शादियां भी हो सकती हैं। मंडप तैयार किया जा चुका है। संजय नगर शाखा के सदस्य ने बताया कि इस साल बुकिंग है। उनका कहना है कि वैलेंटाइन डे पर विवाह करने वालों को मुहूर्त और योग संयोग से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता, इसीलिए इस दिन शादियां अधिक हो रही हैं। पिछले साल से ज्यादा शादियां होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## लाइव इवेंट

### अगले विश्व रेडियो दिवस पर गूंजेगी श्रोताओं की बाइट, आकाशवाणी से होगा प्रसारण




**रायपुर।** इस साल भी विश्व रेडियो दिवस पर ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा वृंदावन हाल में आयोजन किया गया। इसमें जहां अलग-अलग दौर के रेडियो श्रोताओं ने अपने दौर के गीत-संगीत के साथ ही प्रसारण से जुड़ी यादों को साझा किया। इसे देखते हुए मुख्य अतिथि आकाशवाणी रायपुर के सहायक निदेशक (कार्यक्रम) पंकज मेश्राम ने श्रोताओं को एक अनूठी सौगात देने की घोषणा करते हुए कहा कि अगले विश्व रेडियो दिवस यानी 13 फरवरी को दिनभर अच्छे श्रोताओं के अनुभव एवं यादों को साझा करने के लिए बाइट को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा, ताकि लोगों को रेडियो के बारे में जानने का अवसर मिले।

#### साझा की आकाशवाणी की यादें

इनके बाद विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी के सेवानिवृत्त डायरेक्टर लखन लाल भौर्य ने आकाशवाणी के स्वर्णिम दौर से जुड़ी यादों को साझा किया। अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने और मंच संचालन डॉ. चम्पेश्वर गिरि गोस्वामी ने किया। लिस्नर्स ग्रुप के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। इसमें आकाशवाणी के प्रशासनिक अधिकारी रामजी ध्रुव, कार्यक्रम अधिशासी शशि प्रकाश पाण्डेय, महेंद्र कुमार साहू, आकाशवाणी के सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्घोषक संजय पाण्डेय, श्याम वर्मा ने भी अपने दौर को याद किया।

#### रिकार्डिंग का होगा दिनभर प्रसारण

केजुवल एनाउंसर शशांक खरे, सीमा शर्मा के साथ बड़ी संख्या में रेडियो श्रोता शामिल हुए। इनमें झावेंद्र कुमार ध्रुव, रतन जैन, अनिल तिवारी, एसपी गोस्वामी, ललित साहू, हेमा यादव ने रेडियो की महत्ता पर प्रकाश डाला। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि आकाशवाणी ने प्रशासन और जनता के बीच सेतु की तरह काम किया। श्रोताओं से संस्मरण सुनकर आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम काफी प्रभावित हुए। घोषणा किया कि 13 फरवरी 2026 को रेडियो श्रोताओं की एक-एक मिनट की बाइट रिकॉर्ड करके उसका प्रसारण किया जाएगा।

## रंग-तरंग में देशभक्ति गाने पर डांस देख झूमे दर्शक, शास्त्रीय नृत्य ने बांधा समां

**रायपुर।** विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय का 29वां वार्षिकोत्सव 'रंग-तरंग' धूमधाम से मनाया गया। इसमें अन्य प्रांतों की परंपरा और संस्कृति की झलक विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में देखने को मिली। समारोह का उद्घाटन विप्र शिक्षण समिति के संचालक उमाकांत शर्मा ने किया। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि क्लास रूम तो जीवन में कभी भूलता ही नहीं। साथ ही वार्षिकोत्सव आयोजन भी विद्यार्थियों के लिए यादगार बन जाता है। पद्मा ओझा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गणेश वंदना के बाद रंग-तरंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ी गाने संगी जहुरिया पर विद्यार्थियों ने शादनार नृत्य की प्रस्तुति दी। इसे देख लोगों खुशी से झूम उठे।




#### विद्यार्थियों को मिली वाहवाही

योगा डांस के माध्यम से योग के कठिन आसान प्रस्तुत किए गए। मोर संगवारी छत्तीसगढ़ी नृत्य ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। इसके बाद पंजाबी, राजस्थानी, पहाड़ी, राउत नाचा, संबलपुरी व दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य ने माहौल में समां बांधे रखा। विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला, दीपशिखा शर्मा, निधि शुक्ला व अन्य प्राध्यापकों के दिशा निर्देश में विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को सबके लिए यादगार बना दिया। इस अवसर पर डॉ. कैलाश शर्मा, मोहित श्रीवास्तव समेत समस्त प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार से मागर माटी आज 41 बटुकों का होगा व्रतबंध

**रायपुर।** मागर माटी और वैदिक पूजन से गुरुवार की शाम सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने सामूहिक व्रतबंध का विधान शुरू किया। यह सामूहिक निशुल्क व्रतबंध संजय नगर स्थित सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के तुलसी मानस भवन में शुक्रवार को होगा। इसके पहले 13 फरवरी की शाम 5 बजे मागर माटी का विधान किया गया। इस समारोह में 41 बटुकों के माता-पिता, मामा-मामी समेत समाज प्रमुख के रूप में डॉ. सुरेश शुक्ला, अजय तिवारी, राममूर्ति तिवारी, आरएल द्विवेदी, वीके मिश्रा के अलावा कान्यकुब्ज समाज के अरुण शुक्ला भी शामिल हुए। मनमोहक धुन पर बैंड-बाजे के साथ तुलसी भवन से हनुमान मंदिर के लिए लगाए गए मगरोहन के साथ मंडप में वेदिका पूजन की प्रक्रिया शुरू की गई।

#### सुबह 7 बजे से शुरू होगा विधान

वैदिक विधान का पालन कराने 41 बटुकों के लिए 11 आचार्य मंत्रोच्चार करेंगे। इसमें यदु वंशमणि त्रिपाठी मुख्य आचार्य होंगे। पं. दिनेश शुक्ला, श्याम तिवारी, धीरज मिश्रा, बलराम दुबे, गौरव मिश्रा ने वाजसनेय संहिता के अनुसार प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मंत्रोच्चार किया। 14 को सुबह 7 बजे से सभी बटुकों का मुंडन के बाद हवन-पूजन के बाद जनेऊ संस्कार का विधान होगा। इसकी शुरुआत राजेश त्रिपाठी, अभय तिवारी, बैजनाथ मिश्रा, शुभम मिश्रा जनेऊ कार्यक्रम में सहयोग दिया। मुख्य आयोजन में दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज, दूधाधारी मठ के राजेश्री महंत रामसुंदर दास बटुकों और समाज को आशीर्वाद देंगे।

## गर्मी के करीब आते ही बाजार में बढ़ी स्कार्म की मांग

# धूप और धूल-धक्कड़ से बालों को बचाएगा सिल्क स्कार्फ बाजार में मांग अधिक, स्टाइलिश लुक को प्राथमिकता

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी में धूप से सिर को बचाने और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बाजार में स्कार्फ की मांग बढ़ने लगी है। खासतौर पर महिलाएं और युवा इस गर्मी में फैशन और आराम दोनों के लिए स्कार्फ का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन दिनों बाजार में कॉटन स्कार्फ की मांग ज्यादा है, जो लाइटवेट होने के साथ-साथ आरामदायक भी होते हैं। कॉटन के स्कार्फ न केवल गर्मी से बचाव करते हैं, बल्कि इन्हें फैशनेबल तरीके से पहना जा सकता है। बाजार में स्टाइलिश और ट्रेंडी डिजाइन के कई वैरायटी वाले स्कार्फ उपलब्ध हैं। मौसम में इस तरह के स्कार्फ का उपयोग बढ़ता जा रहा है, क्योंकि यह सिर को धूप से सुरक्षित रखने के साथ-साथ नया लुक दे रहा है। गर्मी में स्टाइलिश दिखने और गर्मी से बचने के लिए अब स्कार्फ एक जरूरी फैशन एसेसरी बन चुका है।

#### स्कार्फ के दाम 200 से 1000 तक

बाजार में स्कार्फ की कीमत 200 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की रेंज में उपलब्ध हैं। कॉटन स्कार्फ 200 रुपए तो वहीं नेट के कपड़े का स्कार्फ 400 रुपए की रेंज में हैं। सिल्क में तरह-तरह के स्कार्म मिल रहे हैं, जिसकी कीमत 500 से अधिक है।



#### सिल्क स्कॉर्फ से बालों की सुरक्षा

सिल्क स्कॉर्फ केवल स्टाइल का हिस्सा नहीं, बल्कि बालों की सुरक्षा और उनकी सॉफ्टनेस बनाए रखने का भी एक बेहतरीन उपाय है। दुकानदार का कहना है कि खासकर गर्मी और धूल-धक्कड़ में बालों को धूप और धूल से बचाने के लिए सिल्क स्कार्फ अच्छा विकल्प बन चुका है। सिल्क के मुलायम और चिकने फैब्रिक की वजह से यह बालों को उलझने से बचाते हैं और उनके प्राकृतिक मॉइस्चर को बनाए रखते हैं। सिल्क स्कार्फ बालों की सुरक्षा करते हुए उन्हें टूटने और उलझने से बचाता है। वर्तमान में, फैशन की दुनिया में सिल्क स्कार्फ का चलन बढ़ रहा है। न केवल महिलाएं, बल्कि पुरुष भी इसे अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

#### पूरे शरीर को धूप से बचाने वाले स्कार्फ भी

गर्मी के मौसम में धूप से बचाव और स्टाइलिश लुक दोनों की तलाश में लोग अब ट्राएंगल और कॉटन स्कार्फ का रुख कर रहे हैं। इस स्कार्फ की सबसे खास बात यह है कि ये हल्के और आरामदायक हैं, साथ ही इनका फैब्रिक गर्मी में भी आरामदायक महसूस होता है। दुकानदार हेमंत वर्मा ने बताया कि ट्राएंगल स्कार्फ खासतौर पर सिर और गर्दन को ढकने के लिए मददगार हैं, जबकि कॉटन स्कार्फ पूरे शरीर को धूप से बचाने में मदद करता है। बाजार में इन स्कार्फ की कई वैरायटी मिल रही हैं, जिसमें विभिन्न रंग, डिजाइन और पैटर्न मौजूद हैं।



**सिटी लाइव**

## व्यापार में बहुआयामी प्रगति के लिए बनी संस्था, शपथ ग्रहण में पहुंचे उद्योगपति



**रायपुर।** जेसीस के चैम्बर ऑफ कॉमर्स (जेकॉम) ने रायपुर टेबल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल किया। इसमें वर्ष 2024 की अध्यक्षा मोना दुबे ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट दी। साथ में वर्षभर अच्छे कार्यों के लिए 2024 के सदस्यों को सम्मानित भी किया। 2025 के नए अध्यक्ष जेसी नोहर साहू और सचिव जेसी तुषार अग्रवाल को शपथ दिलाई गई। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अमितेश पाठक ने बतौर शपथ अधिकारी, हरीश मंत्री ने बतौर ट्रेनर और चार्टर्ड अकाउंटेंट अमिताभ दुबे ने बतौर की-नोट स्पीकर दायित्वों का निर्वहन किया। समाजसेवी राजेश अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि इस आयोजन में शामिल हुए। इस आयोजन में शहर के 120 से अधिक उद्योगपति और व्यवसायी उपस्थित रहे।

### 200 करोड़ से अधिक का व्यापार

बताया गया कि जेकॉम भारतीय जेसीस के मेंबर्स को व्यापार में बहुआयामी प्रगति के उद्देश्य से इसे शुरू किया था। इस भारतीय जेकॉम के 4500 से अधिक मेंबर्स ने आपस में वर्ष 2024 में ही 200 करोड़ से अधिक का व्यापार आपस में आदान-प्रदान किया है। रायपुर जेकॉम के सदस्यों ने 18 करोड़ से अधिक का व्यापार आपस में आदान-प्रदान किया है। मंच संचालन करते हुए जेसी आनंदिता अग्रवाल ने इस क्रम को आगे बढ़ाया। इसका निर्देशन जेसी रीना ने किया। उनके नेतृत्व में जेसी डॉ. स्मिता, जेसी ममता, जेसी अमित, जेसी आनंद, जेसी दीपक ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

**अग्रसेन कॉलेज के वार्षिकोत्सव में महाकुंभ की झलक ने किया गंगामय**

# रीमिक्स गीतों और सोलो डांस से सजा 'उमंग', महाआरती पर आस्था की डुबकी

अग्रसेन कॉलेज कैंपस में वार्षिकोत्सव की धूम रही। इसमें ग्रुप डांस के साथ ही सोलो डांस की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों का ऐसा गुलदस्ता सजा कि इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राएं जैसे-जैसे प्रोग्राम आगे बढ़ा, रमते चले गए। एक समय ऐसा भी आया, जब संगीत से सजी नृत्य नाटिका ने प्रयाग महाकुंभ में मोदीजी के गंगा स्नान और महाआरती के दृश्य को जीवंत किया। गंगा महाआरती के समय दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भी स्वत: महाआरती का हिस्सा बन गए। इससे उमंग में आस्था की झलक भी देखने को मिली।



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज का वार्षिकोत्सव इस बार भी खास रहा। इस बार भी छात्रों ने ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सांग्स पेश किए। प्रोग्राम का संचालन करते हुए पत्रकारिता विभाग की एचओडी डॉ. आकांक्षा दुबे ने 48 प्रस्तुतियों से सजी उमंग की श्रृंखला को आगे बढ़ाया। इसे सफल बनाने में दीया, माही, इशिता, चंद्रप्रकाश, प्रिया और तनीषा ने सहयोग दिया। प्रोग्राम प्रभारी डॉ. शोभा अग्रवाल और रुचि शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार की गई प्रस्तुतियों के गुलदस्ते से कई बेजोड़ परफॉर्मेंस देखने को मिले। इस बार मोदीजी के गंगा स्नान और महाआरती के माहौल को स्टेज पर जीवंत करने का सुंदर प्रयास किया गया। जैसे ही गंगा महाआरती की झलकी पेश की गई, दर्शक दीर्घा में बैठे लोग अपनी सीट से उठ खड़े हुए।

### शिव तांडव, पारंपरिक नृत्य और फ्यूजन

वार्षिकोत्सव में थीम डांस सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहा। इस साल महाकुंभ की थीम पर नृत्य नाटिका और गंगा महाआरती के एहसास से जोड़ने की परिकल्पना डॉ. आकांक्षा दुबे की रही। स्टेज पर छात्र-छात्राओं ने भी इसे बखूबी पेश किया। इसमें महाकुंभ की उत्पत्ति और गंगा स्नान की महिमा के साथ ही महत्ता को भी दर्शाया गया। गंगा महाआरती में विशिष्ट अतिथि सहित कॉलेज के सभी सदस्य और छात्र -छात्राएं भी शामिल हुए। इसके बाद छात्रों ने भी शिव तांडव, पारंपरिक नृत्य और कुछ फ्यूजन सांग्स पर डांस पेश किया। इसके बाद अग्रसेन कला केंद्र की कत्थक प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### संस्कृति के लिए भी समय निकालें

मुख्य अतिथि रहे कुलपति कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ बल्देव भाई शर्मा ने कॉलेज के छात्रों और थीम डांस की प्रशंसा करते हुए कहा, आज की आधुनिक और व्यस्त जीवन में हम परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। बेशक महाकुंभ के प्रदर्शन ने हमारी संस्कृति को फिर से याद दिलाया। छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि जीवन में थोड़ा समय अपनी संस्कृति के लिए भी देना चाहिए। इससे विद्यार्थी का जीवन सुधरता है।





### डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन

इस साल डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। डॉक्यूमेंट्री का विषय छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सफर पर बनाई गई। इसे कॉलेज में पत्रकारिता विभाग के प्राध्यपकों द्वारा तैयार किया गया। इस बीच छत्तीसगढ़ी सिनेमा के पूर्व अध्यक्ष अभिनेता दिवंगत राजेश अवस्थी को याद किया गया। कॉलेज के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को मंच देना कॉलेज की प्राथमिकता है। एडमिनेशन के प्रमुख डॉ. अमित अग्रवाल ने डॉक्यूमेंट्री को सराहा। इस बार का विषय छत्तीसगढ़ी सिनेमाई यात्रा पर केंद्रित रहा। इसमें समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने भी वार्षिकोत्सव के लिए बधाई दी, प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने आभार प्रदर्शन किया।

**सिटी लाइव**

## बोर्ड परीक्षा से पहले 24 को होगी वेदमाता गायत्री-मां सरस्वती पूजा



**रायपुर।** गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में इस बोर्ड परीक्षा से पहले 24 फरवरी को वेदमाता मां गायत्री और मां सरस्वती की पूजा से जोड़ा जाएगा। बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आशीर्वाद और शुभकामना देने आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा से पहले पूजा का हिस्सा बनाया जाएगा। शक्तिपीठ से जुड़े आरके शुक्ला ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के समय बच्चे अपने मन में ज्यादा टेंशन लेते हैं। पेपर सही बनेगा कि नहीं, पेपर में क्या आएगा क्या नहीं आएगा। पेपर दिला पाऊंगा कि नहीं। पास हो पाऊंगा कि नहीं। ऐसी आशंका बोर्ड एग्जाम दिलाने वालों के मन में चलती है। ऐसे बच्चों के लिए 24 फरवरी को दोपहर 3 से शाम 5 तक गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में पूजन किया जाएगा।

### मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वाद

इसमें बच्चों को परीक्षा में उपयोग की जाने वाली सामग्री जैसे पेन, पेंसिल, कंपास लेकर शक्तिपीठ पहुंचेंगे, जहां परीक्षा में उपयोग किए जाने वाली सामग्री का गायत्री परिवार द्वारा पूजन कर बच्चों को परीक्षा के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही परीक्षा के समय क्या करना है। मन में क्या-क्या विचार रखना है। कैसे हम बिना टेंशन के परीक्षा को बेहतर ढंग से दिला सकते हैं, इसकी जानकारी भी गायत्री शक्तिपीठ में बच्चों को दी जाएगी। विशेष रूप से बोर्ड परीक्षा के पूर्व आशीर्वाद देने की पहल है। मां गायत्री की पूजा के बाद सभी बच्चों को मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वाद दिया जाएगा।

## 60 साल बाद त्रिग्रही युति के दुर्लभ योग में मनेगी महाशिवरात्रि, शनि की राशि कुंभ में रहेंगे सूर्य

**रायपुर।** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। मंदिरों में शिवजी और माता पार्वती का विवाह होगा। चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 26 फरवरी सुबह 11.08 बजे से होगी। समापन 27 फरवरी सुबह 8.54 बजे होगा। महाशिवरात्रि पर निशा काल में शिवजी की पूजा की जाएगी। पुरोहितों के करीब 60 साल बाद फिर महाशिवरात्रि पर तीन ग्रहों की युति बनी है। महाशिवरात्रि पर मकर राशि के चंद्रमा की साक्षी में सूर्य, बुध व शनि की युति कुंभ राशि में रहेगी। सूर्य व शनि पिता पुत्र हैं और सूर्य शनि की कक्षा अर्थात शनि की राशि कुंभ में रहेंगे। इस दृष्टि से यह विशिष्ट संयोग भी है, यह योग लगभग एक शताब्दी में एक बार बनता है। इस योग में की गई साधना परम पद व आध्यात्मिक धार्मिक उन्नति प्रदान करती है। इस दृष्टि से इन योग संयोग में विशिष्ट साधना अवश्य करनी चाहिए।



### महाशिवरात्रि पूजा समय

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 26 फरवरी को शाम 6 बजकर 19 मिनट से लेकर रात 9 बजकर 26 मिनट के मध्य पूजा कर सकते हैं। इसके बाद रात 9 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 34 मिनट के मध्य पूजा का शुभ समय है। इस समय में देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होगी। साधक 27 फरवरी के दिन पारण कर सकते हैं। 27 फरवरी को साधक सुबह 6 बजकर 48 मिनट से लेकर 8 बजकर 54 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं।

### सूर्य-बुध का केंद्र त्रिकोण योग भी

पराक्रम प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सूर्य बुध के केंद्र त्रिकोण योग का बड़ा लाभ मिलता है। इस योग में विशेष प्रकार से साधना का या उपासना का अनुक्रम साधना चाहिए। अग्नि पुराण की मान्यता के चलते अलग-अलग प्रकार से शिव व सूर्य का पूजन का उल्लेख भी प्राप्त होता है। धर्म शास्त्रीय मान्यता में महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की साधना का उल्लेख मिलता है। उन चार प्रहरों में अलग-अलग प्रकार से भगवान शिव की उपासना का वर्णन मिलता है। चार प्रहर में धन, यश, प्रतिष्ठा व समृद्धि के लिए भगवान शिव की पूजा की जा सकती है। जिनके यहां संतान बाधा हो, विद्वान आचार्य के निर्देशन में चारों प्रहर की पूजा आराधना करना चाहिए।

## बढ़ते कदम संस्था ने 18 वर्षों में पूरे किए 200 देहदान, दिया मानवता का संदेश

**रायपुर।** बढ़ते कदम संस्था द्वारा मेडिकल छात्रों की पढ़ाई के लिए किए गए देहदान के प्रयास अब एक उपलब्धि बन गए हैं। वर्ष 2007 में संस्था ने देहदान की सेवा की शुरुआत की थी।

इस पहल की शुरुआत स्व. अनिल गुरुबक्षाणी गुरुजी के नेतृत्व में हुई थी। 16 जुलाई 2007 को उनकी माताजी स्व. रुक्मिणी देवी गुरुबक्षाणी का पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में पहला देहदान किया गया था। इसके बाद से संस्था के प्रयासों से अब तक 18 वर्षों में 200 देहदान पूरे हो चुके हैं। हाल ही में ग्राम भखारा धमतरी निवासी शंकरलाल साहू ने देहदान की इच्छा जताई थी, जिसे उनके परिजनों ने सम्मानित किया। उनका देहदान पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में किया गया। इस प्रकार 200वें देहदान के साथ संस्था ने एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है।



### 18 वर्षों में 731 नेत्रदान भी

संस्था के अनुसार पिछले 18 वर्षों में 731 नेत्रदान भी किए गए हैं और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में देहदान कराया गया है। रायपुर में 147 देहदान के साथ-साथ अन्य प्रदेशों जैसे मध्यप्रदेश (भोपाल) और ओडिशा में भी देहदान की सुविधा दी गई है। संस्था के प्रभारी राजू झामनानी, अजय जयसिंघानी और इंद्रकुमार डोडवानी ने बताया कि इस प्रयास से चिकित्सा शिक्षा में सुधार आया है और संस्था का उद्देश्य भारत के विभिन्न प्रदेशों में देहदान की पहल को बढ़ावा देना है। वर्तमान में संस्था के पास 350 लोगों ने अपने देहदान की घोषणा की है, जिससे यह सेवा भविष्य में और भी व्यापक रूप से फैलेगी।

**समाज इवेंट**

## खर्चीली शादी से समाज को बचाने 16 को आदर्श विवाह सम्मेलन



**रायपुर।** खर्चीली शादी से समाज को बचाने के लिए छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा हर साल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाता है। महानगर इकाई, जिला एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा इस बार 16 फरवरी को प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन की तैयारी है। इसमें आदर्श सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। हर बार की तरह सामाजिक विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। सांस्कृतिक उत्सव के बीच 11 जोड़ों का निशुल्क आदर्श विवाह प्रधान कार्यालय महादेवघाट रायपुरा में होगा। रविवार को सुबह 11 बजे से दो पाली में यादव सामाजिक भवन महादेवघाट में सभी आयोजन होंगे। पत्रकारवार्ता में समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुंदर लाल यादव ने बताया कि 16 फरवरी को होने वाला आयोजन खास होगा।

### समाज को सशक्त बनाने प्रयास

इसे सफल बनाने में झेरिया यादव समाज की एकता देखने को मिलती है। समाज को सशक्त बनाने के लिए आर्थिक, शैक्षणिक तथा सामाजिक विकास के पथ पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजना को भी रचनात्मक दिशा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। समाज को पूर्ण साक्षर बनाने के लिए संगठन सशक्त प्रयास कर रहा है। समाज में व्याप्त मद्यपान की प्रवृत्ति को खत्म करने और संस्कारों से जोड़ने का प्रयास भी किया जाता है। समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समाज जुटा रहता है। रुढ़ीवादी प्रथा को समाप्त करके नवीन प्रथा का सृजन करने की ओर समाज अग्रसर है।

**मंदिर में भगवान गणपति का अष्ट द्रव्य हवन और पवित्र 18 सीढ़ियों की हुई पूजा**

# केरल के आचार्य ने विधि-विधान से किया पवित्र सीढ़ियों का अनुष्ठान, त्रिकाल पूजा में हुए शामिल श्रद्धालु

**कार्नर न्यूज**

टाटीबांध स्थित भगवान अय्यप्पा मंदिर में 6 दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन गुरुवार को विधिपूर्वक किया गया। इस उत्सव के अंतर्गत केरल से आए आठ पंडितों ने मंदिर के सभी अनुष्ठानों को संपन्न किया। प्रमुख आचार्य पं. प्रमोद, राजीव और विष्णु थे, जिन्होंने श्रद्धालुओं को श्रद्धा और विश्वास से जुड़ी पवित्र पूजा विधियों से अवगत कराया।

### 18 सीढ़ियों की विशेष पूजा

प्रतिदिन भगवान अय्यप्पा को अर्पित किए गए अन्न को प्रसाद में मिलाकर श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। इस दौरान मंदिर की पवित्र 18 सीढ़ियों को विशेष रूप से सजाया गया, जिन्हें पुष्पों और दीपों से अलंकृत किया गया। यह उत्सव श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बना, जिससे सभी श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की।



**रायपुर।** अय्यप्पा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल मेनन ने बताया कि इस वर्ष उत्सव में हर दिन विशेष पूजा और अनुष्ठान हुए। मंदिर परिसर के अन्य देवताओं, भगवान गणपति, शिव, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, राम-हनुमान, सर्पदेव और नवग्रह मंदिरों की भी पूजा अर्चना की गई। उत्सव का शुभारंभ पताका फहराकर किया गया, जबकि समापन पर उतारने की रस्म अदा की गई। इस उत्सव का विशेष आकर्षण त्रिकाल पूजा रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने पहले से बुकिंग कराई थी। पवित्र 18 सीढ़ियों की पूजा केरल से आए पंडितों द्वारा विधिपूर्वक की गई।



### विधि-विधान के साथ उत्सव के सभी अनुष्ठान

अय्यप्पा मंदिर के वार्षिकोत्सव के दौरान हर दिन विधि-विधान से कई पवित्र अनुष्ठान संपन्न हुए। मंदिर परिसर में भगवान गणपति का अष्ट द्रव्य हवन किया गया, जिसमें नारियल, गुड़, तिल का तेल, गन्ना, शहद, धान, केला और चावल जैसी प्रमुख सामग्री का प्रयोग किया गया। पूजा सामग्री में गुलाब जल, भस्म, चंदन की लकड़ी और अन्य पवित्र सामग्री का उपयोग किया गया। पूजा के एक महत्वपूर्ण भाग में भगवान अय्यप्पा का पुष्पाभिषेक किया गया, जिसमें भगवान की प्रतिमा को फूलों और पंखुड़ियों से सजा दिया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

## प्लेट ग्रुप क्रिकेट में रायगढ़ और नारायणपुर पीछे, रायपुर आगे



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में (13-15 फरवरी) को 3 मैच खेले गये। ग्रुप ए का दूसरा तीन दिवसीय मैच जशपुर एवं रायगढ के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

जशपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 76.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 211 रन बनाये। जशपुर की ओर से प्रभात आनंद ने 124 रनों का योगदान दिया। वहीं रायगढ की ओर से सचिन चौहान ने 4 विकेट, सक्षम चौबे तथा अमित कुंवर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायगढ ने अपनी पहली पारी में 14.3 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक रायगढ 176 रनों से पीछे है।

ग्रुप सी का तीसरा तीन दिवसीय मैच रायपुर ब्लू एवं कवर्धा के मध्य सेक्टर 10 मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कवर्धा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 26.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाये। कवर्धा की ओर से पुष्पेन्द्र ने सर्वाधिक 23 रन तथा राहुल कुमार सिंह ने 17 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से पवनदिप सिंह एवं गौरव चतुर्वेदी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी 61 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 283 रन बना लिये है। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 117 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 110 रनों का योगदान दिया। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लु 213 रनों से आगे है। ग्रुप सी का चौथा तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं नारायणपुर के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरीया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

कोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 75.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 313 रन बनाये। कोरीया की ओर से सुमीत सिंह ने सर्वाधिक 74 रन तथा आकाश शर्मा ने 54 रन बनाये। वहीं नारायणपुर की ओर से अल्तमश, शाश्वत, राहुल तथा गौरी शंकर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक नारायणपुर ने अपनी पहली पारी में 19 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 55 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक नारायणपुर 258 रनों से पीछे है।

## लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स की एक और जीत




रायपुर। दिल्ली रॉयल्स ने लीजेंड 90 लीग के 14वें मुकाबले में दुबई जायंट्स को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिपुल शर्मा ने लीग में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया। उनकी घातक गेंदबाजी के चलते दुबई जायंट्स की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 97 रन ही बना सकी, जिसे बड़ी आसानी से दिल्ली ने 9 ओवर में ही हासिल कर लिया।

टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की गैरमौजूदगी में आज टीम की कमान बिपुल शर्मा ने संभाली और धारदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी खेमे को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने 4 ओवरों में 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए और दुबई जाइंट्स की बल्लेबाजी की कमर तोड़ के रख दी। बिपुल के अलावा प्रवीण गुप्ता ने दो और परविंदर अवाना ने एक सफलता हासिल की। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली रॉयल्स की टीम ने हमेशा की तरह तेज शुरुआत की। पुनीत बिष्ट ने 15 गेंदों में 32 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली तो एंजेलो परेरा ने 22 गेंदों में 39 रन बनाए, अंत में अनुरीत सिंह ने दो छक्के जड़कर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी। जीत के बाद गेंदबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्लेयर ऑफ द मैच बिपुल शर्मा ने कहा कि, ₹पिछले चार मैचों से मैं शिखर धवन को कप्तानी करते देख रहा था और वही रणनीति अपनाने की कोशिश की। पिच अच्छी थी, इसलिए मैंने गेंद को हवा में फ्लाइट देने और विविधता लाने पर ध्यान दिया। मैं बल्लेबाजों को पढ़कर अपनी गेंदबाजी में बदलाव कर रहा था, जिसका फायदा भी मिला।₹

प्लेऑफ के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए बिपुल शर्मा ने कहा कि, ₹हम ज्यादा आगे की नहीं सोचते, हमारा लक्ष्य है कि अपना स्वाभाविक खेल खेलें और एक-एक मैच पर ध्यान दें। अगर जरूरत पड़ी तो बाद में नेट रन रेट पर भी विचार करेंगे, लेकिन अभी हमारा फोकस सिर्फ अगले मैच पर है।₹ इस जीत के साथ दिल्ली रॉयल्स फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### छत्तीसगढ़ की टीम ने अब तक कुल 5 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक एवं 11 कांस्य पदक जीते

# राष्ट्रीय खेलों मे छत्तीसगढ़ को तलवारबाजी और नेटबॉल में कांस्य, राज्य को मिले कुल 20 पदक

रायपुर। उत्तराखंड में चल रहे 38 वे राष्ट्रीय खेल में 17 वें और आखिरी दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। तलवारबाजी (फेंसिंग) के फाइल महिला टीम इवेंट में कांस्य पदक एवं नेटबॉल मिक्स टीम इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ने 38 वें राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक एवं 11 कांस्य पदक सहित कुल 20 पदक प्राप्त किए है।

छत्तीसगढ़ फेंसिंग महिला टीम का सफर आज कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, आज एपी टीम एवं फॉयल टीम इवेंट के मुकाबले हुए जिसमें पहले खेल गए मुकाबले में पहले पांच राउंड के मुकाबले में छत्तीसगढ़ की महिला एपी टीम ने मणिपुर से बढ़त बनाई थी। एक समय में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने 7 अंकों की बढ़त बना रखी थी लेकिन 8 वे राउंड में परिस्थितियों में अंतर के कारण खिलाड़ी बढ़त कायम रखने में असफल रह गए और 45–36 से मुकाबला हारकर पदक खो बैठे।

फॉयल महिला टीम का मुकाबला क्वाटर फायनल में असम की टीम से हुआ जिसे आसानी से छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 45–17 से सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला हरियाणा की टीम से था। हरियाणा की टीम हर तरफ से मजबूत दिखाई




दी। उसने प्रारंभ से ही छत्तीसगढ़ की टीम पर विजय बढ़त बनाई रखी हालांकि छत्तीसगढ़ की महिला तलवारबाजों ने अपना दावा मजबूत करने कोई कसर छोड़ नहीं रखी पर जीत का सफर तय नहीं कर पाएं। 9 वे राउंड में 28–45 से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी फॉयल इवेंट में दिव्यांशु नेताम (भिलाई, जिला दुर्ग), दीपांशी नेताम (भिलाई, जिला दुर्ग), माया साहू (दुर्ग जिला) एवं भारती साहू (दुर्ग जिला) टीम कोच जॉनसन सोलोमन,मोहनीश वर्मा एवं टीम मैनेजर अखिलेश दुबे थे। देहरादून में आयोजित मिक्स पुरुष एवं महिला नेटबॉल इवेंट का कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना के मध्य मैच खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों ने 31-31 अंक हासिल किया जिसके कारण छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना को संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया गया।

### नेटबॉल में संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा छत्तीसगढ़ टीम का

छत्तीसगढ़ की मिक्स पुरुष एवं महिला नेटबॉल टीम गुरुवार सुबह खेले गए अंतिम लीग मैच में दिल्ली को 39-24 से पराजित कर लगातार तीनों लीग मैच जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके पहले लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने अपने प्रथम लीग मैच हरियाणा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 33-32 अंकों से, दूसरे मैच पांडिचेरी को 34-27 अंकों से पराजित किया। छत्तीसगढ़ का सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान टीम उत्तराखंड से था। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम को उत्तराखंड से 27-35 से हार का सामना करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ मिक्स पुरुष एवं महिला टीम में सोनम शर्मा (दुर्ग), शिवांगी बाजपेयी (दुर्ग), मिशा सिंह (दुर्ग), खुशबू गुप्ता (सरगुजा), मंदाकिनी श्रीवास (जांजगीर-चांपा), पूजा (रायपुर), संदीप वर्मा (बलौदा बाजार भाटापारा), निहाल पांडेय (जांजगीर-चांपा), प्रशांत कहारा (जांजगीर-चांपा), अमन भोई (रायपुर), शैलेन्द्र कहरा (जांजगीर-चांपा), सौम्या संतवानी (बिलासपुर), टीम के प्रशिक्षक राजेश राठौर कोच (जांजगीर-चांपा) और मैनेजर पूनम निषाद (धमतरी) शामिल है।

### खिलाड़ियों को दी बधाइयां

38 वे राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ तलवारबाजी महिला फाइल टीम एवं मिक्स पुरुष एवं महिला नेटबॉल टीम के कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोगों ने शुभकामनाएं दी है। इनमें ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश (आईएएस), महासचिव बशीर अहमद खान कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के अध्यक्ष - मीना केरकेट्टा, महासचिव - राजेश राठौर, छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण, छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाये दी है।



## आसान योगासन, जो टीनेजर्स की हाइट बढ़ाने में कर सकते हैं मदद

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है। एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट / ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है।

हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 21 वर्ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है। यदि आप अपनी टीनेज के दौरान हाइट में मीडियम या कम ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं और अपनी ऊंचाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपने सही आर्टिकल को पढ़ना शुरू किया है।



आप योग का अभ्यास करके एक लंबा फ्रेम हासिल कर सकते हैं। योग का अभ्यास करने से आपको आराम मिलेगा और आपको भावनात्मक और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। कुछ आसान योग आसन का नियमित अभ्यास आपके शरीर को खिंचाव देंगा और लचीलापन बढ़ाने में मदद कर सकता है।

ये आसन रीढ़ की हड्डी को सीधा और पुनः अलाइन करने में मदद करते हैं, जिसकी वजह से हाइट में भी बढ़ोतरी हो सकती है। तो आइए जानते हैं हाइट बढ़ाने वाले ऐसे ही कुछ योग आसनों के बारे में। यहां आपको हाइट बढ़ाने में मदद करने वाले आसान योगासनों के बारे में जानकारी देंगे। इन योगासनों के नियमित अभ्यास से आप भी न सिर्फ हाइट बढ़ाने बल्कि अपने लुक्स को भी बेहतर बना सकते हैं।

### योग और हाइट का बढ़ना



योग करने से आपके कंकाल या हड्डियों की ऊंचाई (नहीं बढ़ेगी, जो कि अधिकांश सिर्फ 20 साल की उम्र तक बढ़ती है, इसके बाद तो बिल्कुल नहीं बढ़ेगी।

आनुवंशिकी, लाइफस्टाइल फैक्टर्स और पोषण आपकी हाइट निर्धारित करते हैं। यहां तक कि अगर आप अपनी रीढ़ में डिस्क के कंप्रेशन को कम करके अपनी ऊंचाई को थोड़ा बढ़ाने की कोशिश करते हैं, तो भी ज्यादा परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि, आपकी रोजमर्रा की एक्टिविटीज के आधार पर नतीजे अलग हो सकते हैं। जैसे,

### योग से पोश्चर अच्छा होता है

हालांकि, योग ताकतवर मांसपेशियों का निर्माण कर सकता है, जो अच्छी पोश्चर को सपोर्ट कर सकता है। अपनी रीढ़ को लंबा करने और अपनी मुद्रा सुधारने के बाद आप पहले से लंबे दिखाई दे सकते हैं। आप कुछ ही समय में अंतर को महसूस कर सकते हैं अधिक सीधी स्थिति बनाए रखने से आपका शरीर कुछ इंच ऊपर उठ सकता है।

## अगर आप भी देते हैं सूर्य को नियमित अर्घ्य तो जरूर जानें इसका सही नियम



सूर्य को अर्घ्य देने से आपको कई तरह के लाभ तो हो ही सकते हैं और मानसिक शांति भी बनी रहती है। अगर आप भी सूर्य को जल अर्पित करते हैं तो आपको इसके नियमों के बारे में जरूर जान लेना चाहिए।

जब भी आप सूर्य को जल अर्पित करें, इस बात का ध्यान रखें कि आपका सिर झुका हुआ होना चाहिए और आप सीधे सूर्य की ओर न देखें। यह शास्त्रों में इसलिए कहा गया है क्योंकि सूर्य की सीधी किरणें आंखों पर बुरा प्रभाव डाल सकती हैं। जब आप सिर झुका कर सूर्य को जल चढ़ाते हैं, तो यह न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि यह आपके मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को भी बनाए रखता है। इस प्रकार सूर्य को जल अर्पित करना सूर्य देव को सम्मान देने का एक तरीका माना जाता है।

### दाहिने पैर की एड़ी को हवा में रखना है जरूरी

सूर्य को जल अर्पित करते समय दाहिने पैर की एड़ी को हवा में रखना बेहद महत्वपूर्ण है। शास्त्रों के अनुसार, ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और यह आपके जीवन में खुशहाली लेकर आता है। यह नियम सूर्य पूजा को आध्यात्मिक दृष्टि से और भी प्रभावी बनाता है। जब भी सूर्य को जल अर्पित करें ध्यान में इस बात को रखें कि आपका दाहिना पैर जमीन को न छुएं।

### सूर्य को जल देते समय तांबे के लोटे का करें इस्तेमाल

सूर्य को जल अर्पित करते समय तांबे के लोटे का उपयोग करना चाहिए। शास्त्रों में तांबे को पवित्र धातु माना गया है और इसका उपयोग पूजा के दौरान सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करता है। तांबे के लोटे से अर्पित किया गया जल न केवल पूजा को पूर्णता प्रदान करता है, बल्कि यह आपकी मनोकामनाओं की पूर्ति में भी सहायक होता है।

### गायत्री मंत्र या 'ओम सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करें

जब आप सूर्य को जल अर्पित करते हैं, तो गायत्री मंत्र का जाप करना शुभ फल देता है। सूर्य को जल देते समय कम से कम 10 बार गायत्री मंत्र या 'ओम सूर्याय नमः' मंत्र का उच्चारण जरूर करें। ऐसा करने से सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है।

## किचन काउंटर से आ रही है बदबू तो ऐसे करें साफ

खाना बनाते वक्त कई बार काउंटर से जरूरत से ज्यादा बदबू आने लगती है। कई बार धोने के बाद भी नहीं जाती, अगर आपके साथ भी यही परेशानी आ रही है तो हमारे बताए गए टिप्स यकीनन मददगार साबित हो सकते हैं। किचन काउंटर पर खाना बनाने के दौरान कई चीजों का इस्तेमाल होता है, जिससे खाने की गंध, तेल, मसाले और नमी जम जाती है। अगर इसे समय पर साफ नहीं किया जाए, तो बदबू आने लगती है। जब खाना बनाते समय तेल, हल्दी, मिर्च या मसाले किचन काउंटर पर गिरते हैं, तो ये धीरे-धीरे वहां चिपक जाते हैं। अगर आप इसे वक्त पर साफ नहीं करेंगे, तो आपको परेशानी हो सकती है।

### खट्टे फल के छिलके आएंगे काम

अगर आपके किचन काउंटर से खाने की बदबू आ रही है, तो नींबू, संतरा और मौसमी जैसे खट्टे फलों के छिलके इसमें बहुत मददगार हो सकते हैं। ये नेचुरल तरीके से बदबू हटाते हैं और किचन में ताजगी बनाए रखते हैं।

### कैसे करें?

आप किसी भी खट्टे फल के छिलके उतारकर रख लें। अब एक पैन में पानी लें और उसमें संतरे या नींबू के छिलके डालकर उबालें।




इससे उठने वाली भाप किचन में फैलकर बदबू को खत्म कर देती है। फिर सूखे संतरे या नींबू के छिलकों को गैस पर हल्का जलाएं। इससे एक नेचुरल साइट्रस खुशबू आएगी, जो किसी भी तरह की गंध को खत्म कर देगी। फिर नींबू या संतरे के छिलकों को किचन काउंटर पर रगड़ें। यह तेल, मसाले और जली हुई गंध को दूर करने में मदद करता है। फिर संतरे या नींबू के सूखे छिलकों को एक कटोरी में रखें। अगर आपके किचन काउंटर से खाने की गहरी बदबू आ रही है, तो बर्फ और डिशवॉश लिक्विड का आसान और असरदार तरीका अपनाएं। यह न केवल बदबू हटाने में मदद करता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर में प्रेजेंटर बनने स्कॉर्लेट क्रूज और हैली समेत कई बड़े नाम



अगले महीने होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में कई मशहूर हॉलीवुड सेलेब्स प्रेजेंटर (प्रस्तुतकर्ता) के तौर पर शामिल होंगे। इस फेहरिस्त में स्कॉर्लेट जॉनसन, पेनेलोपे क्रूज, हैली बेरी, एली फैनिंग, व्हूपी गोल्डबर्ग, जॉन लिथगो, एमी पोहलर, जून स्क्विब और बोउन यांग जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं।


ये सभी कलाकार पिछले साल के ऑस्कर अवॉर्ड विजेता रहे किलियन मर्फी, रॉबर्ट डाउने जूनियर, एम्मा स्टोन और डे'वाइन जॉय रैंडोल्फ का स्टेज पर साथ देंगे। इन चारों के नाम पहले ही ऑस्कर प्रेजेंटर के तौर पर अनाउंस हो चुके थे।

इस साल ऑस्कर में टिमोथी चेलमेट को फिल्म 'ए कंप्लीज अननोन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में नॉमिनेट किया गया है। यहां उनका मुकाबला फिल्म 'ब्रूटलिस्ट' फेम एड्रियन ब्रॉडी से होगा। एड्रियन इससे पहले साल 2003 में फिल्म 'द पियानिस्ट' के लिए 29 साल की उम्र में ऑस्कर से नवाजा गया था। तब वो सबसे कम उम्र में बेस्ट एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले अभिनेता बने थे।

इसके अलावा इस साल ऑस्कर में बेस्ट एक्टर कैटेगरी में कोलमैन डोमिंगो (सिंग सिंग), राल्फ फ़िएन्नेस (कंक्लेव) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) जैसे अभिनेताओं के नाम भी शामिल हैं। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा। कार्यक्रम एबीसी पर लाइव आएगा और हुलू पर स्ट्रीम होगा। इस साल कोनन ओ'ब्रायन इस बार कार्यक्रम को होस्ट करेंगे। पिछले साल ऑस्कर में एम्मा स्टोन ने फिल्म 'पुअर थिंग्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर अपने नाम किया था। वहीं किलियन मर्फी ने 'ओपेनहाइमर' में अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था।

### टॉलीवुड

## सामने आया विजय की अगली फिल्म का नाम, एक्शन और स्टंट करते नजर आए एक्टर



विजय देवरकोंडा की फिल्म, जिसे अस्थाई रूप से 'वीडी 12' कहा जा रहा था, उसके टाइटल का खुलासा हो गया है। फिल्म का टीजर 12 फरवरी को रिलीज हुआ है। इसी में फिल्म के टाइटल से परदा उठा है। और फिल्म का नाम है, 'किंगडम'। यह फिल्म इसी साल मई में रिलीज होगी। आज जारी हुए टीजर में विजय देवरकोंडा एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। टीजर करीब एक मिनट 55 सकेंड का है। जैसा की इसका नाम है 'किंगडम', फिल्म की कहानी भी वैसी है। टीजर सितारा एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है।

टीजर में विजय देवरकोंडा जेल में कैद नजर आए हैं। यह फिल्म 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय देवरकोंडा ने भी पोस्ट साझा कर फिल्म के टाइटल का जिक्र फैंस से किया है। उन्होंने लिखा है, 'फिल्म का नाम 'किंगडम' है। सवाल, गलतियां, रक्तपात और नियति...।

टीजर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही हैं। टीजर हिंदी भाषा में भी जारी हुआ है। बता दें कि फिल्म के हिंदी वर्जन में रणबीर कपूर आवाज दे रहे हैं। यूजर्स को उनका अंदाज पसंद आ रहा है। इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## खेसारी का नया होली सॉन्ग रिलीज चंद घंटों में बटोर लिए लाखों व्यूज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना आया है। यह दरअसल, होली स्पेशल सॉन्ग है। खेसारी के गानों को लेकर यूं भी फैंस के बीच जबर्दस्त क्रेज देखने को मिलता है, उस पर भी यह गाना तो खास है। लिहाजा, रिलीज होने के चंद घंटों में ही इसे लाखों व्यूज मिल गए हैं। आज बुधवार को रिलीज हुए गाने का टाइटल है 'के होली बा'।

खेसाली लाल यादव का यह गाना पम्मी रिकॉर्ड्स यूट्यूब चैनल पर जारी हुआ है। गाने को खेसारी लाल और खुशी कक्कड़ ने गाया है। सुनने में तो यह गाना दमदार है ही, इस पर खेसारी ने डांस भी किया है। रिलीज के महज चार घंटे में इस गाने को करीब पौने तीन लाख व्यूज मिल चुके हैं। गाने में रोमांस है, ड्रामा है और डांस का तड़का है तो होली वाला मजेदार अंदाज भी। कुल मिलाकर गाने पर यूजर्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'खेसारी ने हमारी होली स्पेशल बनाने का इंतजाम कर दिया'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'होली स्पेशल हिट गाना'। एक यूजर ने लिखा, 'यह गाना ट्रेंडिंग में आकर रहेगा'।

खेसारी लाल यादव अपने गानों को लेकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उनकी एक नई फिल्म का एलान हुआ है। इसका नाम है 'रिश्ते'। फिल्म का पोस्टर जारी हो चुका है। यह फिल्म 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें खेसारी के अलावा रति पांडे, समर्थ चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, संजीव मिश्रा और युगांत पांडे नजर आएंगे। इसके अलावा एक्टर की फिल्म 'डंस' का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

## लाइफ स्टाइल



रंगो की धमक

2025 में चमकीले रंग, बोल्ड पैटर्न और शानदार रंग संयोजन ट्रेंड में आ गया है। डिजाइनरों की यह प्रवृत्ति लोगों को अनूठी शैली के विकल्पों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। रंगों की यह धमक 70 और 80 के दशक से प्रेरित है।

## लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स करें कैरी, दिखेंगी स्टाइलिश

लहंगे के साथ किस तरह क पर्स को कैरी करना चाहिए। इस बात को जानने के लिए फैशन ट्रेंड को समझना जरूरी होता है।शादी के लिए जब हम बाजार से लहंगा लेते हैं तो उसके साथ की मैचिंग सभी एक्सेसरीज लेते हैं लेकिन मैचिंग पर्स लेना भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लहंगे के साथ कौन-सा मैचिंग पर्स लें। इस तरह के लुक के साथ कौन-से रंग का पर्स मैच करेगा, इस बात को लेकर हम कन्फ्यूज्ड रहते हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए हम कुछ ऐसे मिनी पर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

### गोल्डन मिनी पर्स

अगर आपके लहंगे में गोल्डन वर्क किया गया है तो आप लहंगे के साथ गोल्डन कलर का पर्स ले सकते हैं। गोल्डन कलर रॉयल लुक देने में सहायता करता है और ज़्यादातर आउटफिट के साथ ये मिनी पर्स काफी अच्छे लगते हैं। गोल्डन रंग के मिनी पर्स के डिज़ाइन में आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप ये पर्स ले सकते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आप इस तरह पर्स को सस्ते दाम में खरीद सकते हैं और लहंगे के साथ इन पर्स को कैरी कर सकते हैं।

### ऑफ व्हाइट पर्स



लहंगे के साथ आप ऑफ व्हाइट कलर का पर्स भी कैरी कर सकती हैं। ऑफ व्हाइट कलर के काफी काफी सिंपल हैं और ये हर तरह के ऑउटफिट के साथ मैच करेगा। वहीं अगर आप लाइट रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तब भी आप इस तरह का पर्स अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसमें पर्ल वर्क वाले डिजाइंस को भी चुन सकते हैं। पर्ल वर्क में आपको हैवी से लेकर लेस डिजाइन में काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं इन दिनों पिंक कलर के लहंगे भी ट्रेंड में हैं और अगर आप इस कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो तो आप पिंक कलर में मल्टी स्टोन्स वाले मिनी पर्स भी आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

## ऑफिस में बेल बॉटम जींस के साथ वियर करें कुर्ती, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे







जींस के साथ इस बार टॉप नहीं कुर्ती को स्टाइल करें। इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएगी।जींस पहनना आप पसंद करती हैं तो इसके साथ इस बार टॉप की जगह कुर्ती को वियर करें। कुर्ती में काफी सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस या किसी खास दिन में वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा आएगा। साथ ही आप कम्फर्टेबल नजर आएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का ध्यान रखना पड़ेगा ताकि जब आप इसे वियर करें तो किसी तरह की कोई परेशानी न हो। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की कुर्ती को आप वियर कर सकती हैं।

### फ्रंट कट स्टाइल कुर्ती

अगर आपको स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप बेल बॉटम पैंट के साथ फ्रंट कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कॉलेज, ऑफिस या रेगुलर दिनों में भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप प्रिंटेड कुर्ती वियर करेंगी तो ज्यादा अच्छी लगेंगी। साथ ही अगर आपके जींस का कलर लाइट है तो आप डार्क कलर कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### पेप्लम स्टाइल कुर्ती

कुर्ती में काफी सारे नए-नए ऑप्शन मिल जाएंगे। आप इस बार बैल बॉटम जींस के साथ पेप्लम स्टाइल कुर्ती को वियर करें। इसके लिए आप चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का पैटर्न ट्रेंड में भी है और पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी कलर में खरीदकर ब्लू कलर बैल बॉटम जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाती है।

### प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती

आप बैल बॉटम जींस के साथ आप प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें बड़े प्रिंट भी मिलते हैं। साथ ही इसमें छोटे प्रिंट में भी कुर्ती मिलती है। जिसे आप वियर कर सकती हैं। इसमें लुक एकदम कैजुअल लगता है।

## स्किन टाइप के अनुसार खरीदें बेस्ट आफ्टरशेव लोशन



शेविंग के बाद कई लोगों को जलन की शिकायत होती है। ये समस्या आफ्टर शेव लोशन लगाने के बाद बढ़ जाती है। शेविंग के बाद जलन होना आम है। लेकिन आफ्टर शेव लगाने के बाद जलन की कई वजहें हो सकती हैं। ऐसा स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने से भी हो सकता है।

किसी भी अच्छी मेंस शेविंग किट में आफ्टर शेव लोशन का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, शेविंग के बाद स्किन को फाइनल टच देने का काम अच्छे आफ्टर शेव के बिना करना मुश्किल है। ये फाइनल टच स्किन के लिए किसी असरदार दवा जैसा ही काम करता है। आफ्टर शेव न सिर्फ हमें एक्ने / पिंपल बल्कि इनग्रोन बाल और असमान स्किन टोन से भी राहत देता है।

कई पुरुष आफ्टर शेव से होने वाली सनसनाहट से बचने के लिए आफ्टर शेव का प्रयोग नहीं करना चाहते हैं। जबकि ये शेविंग की पूरी प्रक्रिया का सबसे अहम हिस्सा है। मेरी आपको यही सलाह है कि शेविंग के बाद हमेशा आफ्टर शेव का इस्तेमाल करें।

आफ्टर शेव किसी एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और ये रेजर से कट लगने के कारण होने वाले किसी भी इंफेक्शन से भी बचाने में मदद करता है। लेकिन आफ्टर शेव लोशन वही इस्तेमाल करें जो आपकी स्किन टाइप को सूट करता हो। वैसे तो मार्केट में ढेरों किस्म के आफ्टर शेव लोशन और बाम उपलब्ध हैं। लेकिन कंफ्यूजन हमेशा इसी बात पर होता है कि हमारे लिए बेस्ट कौन सा है?

### क्यों जरूरी हैं आफ्टर शेव लोशन?

आफ्टर शेव लोशन का आविष्कार मूल रूप से शेविंग के दौरान लगने वाले छोटे कट्स के उपचार और एंटीसेप्टिक उत्पाद के रूप में किया गया था।

## फटी हुई एड़ियों को ऐसे करें मॉइस्चराइज



बदलते हुए मौसम में जहां हम अपने चेहरे और हाथों की देखभाल करते केयर कर लेते हैं तो वहीं पैरों के मामले में थोड़ा केयरलेस हो जाते हैं। पैरों की त्वचा का सही तरीके से ध्यान नहीं रखने से एड़ियां फट जाती हैं जिसकी वजह से इनकी कोमलता खो जाती है। अब आप घर पर ही फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे आसान उपाय, जिनसे आपको पैरों की त्वचा का ख्याल रखने में मदद करेंगी।

**शहद** : फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में एमिनो एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक एंड एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं जो फटी हुई एड़ियों को हील करने में मदद करते हैं।

**घी** : शहद के अलावा फटी हुई एड़ियों को हील करने के लिए घी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। घी में फैटी एसिड्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें कई सारे विटामिन भी होते हैं जो फटी हुई एड़ियां ठीक करने का काम भी करते हैं।

**एलोवेरा** : एलोवेरा भी फटी हुई एड़ियों को ठीक करने में उपयोगी है। एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर है। फटी हुई एड़ियों पर एलोवेरा जेल को लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम रहती हैं।

**नारियल तेल**: नारियल तेल को प्राकृतिक मॉइस्चराइजर कहा जाता है। जहां नारियल का तेल बालों और त्वचा के उपयोगी है तो वहीं फटी एड़ियों की दरारों को कम करने में नारियल तेल उपयोगी है।

**दूध की मलाई**: दूध की मलाई भी फटी एड़ियों को ठीक करने का काम करती है। मलाई प्राकृतिक उपाय है और अगर आप फटी एड़ियों पर मलाई लगाते हैं तो त्वचा में आई दरारें ठीक हो जाती है साथ ही पैरों की त्वचा नरम रहती है।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के हिसाब से खरीदें जींस, मिलेगा स्मार्ट लुक

## जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो ध्यान दें इन टिप्स पर, लोग तारीफ करेंगे आपकी

*जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-*



### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी। पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट



जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।